BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



लोकतंत्र के महापर्व को लेकर ... 3 | www. bordernewsmirror.com | मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी ... 8

## बाबा रामदेव और बालकृष्ण पर अब चलेगा क्रिमिनल केस

### अदालत ने दी परमीशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भ्रामक विज्ञापनों को लेकर पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अब क्रिमिनल केस चलेगा। एक अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। 3 जून को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। इस केस में



रामदेव और बालकृष्ण को व्यक्तिगत रूप से पेश होने की भी संभावना है। आपको बता दें कि इससे पहले दोनों ही सुप्रीम कोर्ट की अवमानना को लेकर कार्यवाही का सामने कर रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें सशरीर पेश होने का आदेश दिया था। अप्रैल 2024 में ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दायर मामले में केरल के कोझिकोड में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले में जमकर डांटा था।

## 80 साल बाद मिला अमेरिकी पनडुब्बी का गुम हुआ मलबा

### दूसरे विश्व युद्ध में डूबी थी

मनिला/वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका की सबसे मशहूर पनडुब्बियों में से एक यूएस हार्डर का मलबा 80 सालों बाद साउथ चाइना सी में मिला है। यह दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 29 अगस्त 1944 दुश्मनों के हमले में डूब गई थी। इस पर 79 क्रू सदस्य सवार थे, जिनकी मौत हो गई थी। पनडुब्बी का मलबा फिलिपींस के द्वीप लुजॉन से 3 हजार फीट नीचे मिला है। अमेरिका के नेवी हिस्ट्री हेरिटेज कमांड ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले के बाद 80 साल



तक डूबे रहने के बावजूद पनडुब्बी का ज्यादातर हिस्सा जुड़ा हुआ है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, डूबने से पहले अमेरिका इस सबमरीन का इस्तेमाल फिलीपींस को जापानी सेना के कब्जे से वापस लेने में कर रहा था। यह अमेरिका की वही सबमरीन थी, जिसने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सबसे ज्यादा जापानी युद्धपोतों को डुबोया था। अपने आखिरी मिशन के वक्त यूएस हार्डर ने जापान के 3 युद्धपोत डुबा दिए थे। इसके बाद अगले 4 दिन के अंदर उसने 2 अन्य वॉरशिप को तबाह कर दिया था।

## कांस में पहली बार भारतीय को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

### सेक्स वर्कर्स की कहानी

कांस (एजेंसी)। 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनसुइया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। अनसुइया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनके परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। अनसुइया ने यह



अवॉर्ड दुनियाभर में समलैंगिक समुदाय और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को समर्पित किया है। एक्ट्रेस ने स्टेज पर कहा कि ये सभी समुदाय बहादुरी से एक ऐसी लड़ाई लड़ रहे हैं जो उन्हें नहीं लड़नी चाहिए। उन्हें समाज में बराबरी का हक पाने के लिए लड़ना पड़ रहा है।' 'द शेमलेस' का निर्देशन बुल्गारियन फिल्ममेकर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने किया है। इसकी कहानी दो सेक्स वर्कर्स के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनमें से एक के हाथों एक पुलिस वाले का खून हो जाता है।

# 'कहर' ढा रही गर्मी, राजस्थान में 2 दिन में 13 मौतें

### मौसम विभाग ने देश के 6 राज्यों में जारी किया लू का रेड अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है। उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान में गर्मी से 5 मौतें हुईं। राज्य में 2 दिन में यह आंकड़ा 13 हो गया है। भोपाल-हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था। उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.46 जीजी पर पहुंच गई। पावर मिनिस्ट्री के डेटा के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 जीजी बुधवार को 235.06 जीजी थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल आइम हाई 243.27 जीजी



सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है।

जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 26 मई को छुट्टी कर दी गई है। यहां शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

## गर्मी के चलते बिजली की हो गई भीषण किल्लत

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है। ललितपुर, ओबरा और ऊंचाहार की यूनिट में बिजली उत्पादन शनिवार तक शुरू होने की उम्मीद है। एमपी के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती हो रही है। दिल्ली और एनसीआर में कई इलाकों में 2 से 5 घंटे की कटौती हो सकती है। ऐसा ही हाल राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में है। पानी की सप्लाई में कटौती : मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5 फीसदी और 5 जून से 10 फीस दी कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाश्यों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। बीएमसी के मुताबिक, मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में काफी कम पानी बचा है।

## केंद्र में एक बार फिर से बन रही है मोदी की सरकार

- प्रशांत किशोर के बाद अब योगेंद्र यादव ने भी कर दी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगली सरकार किसकी बनेगी और अगला पीएम कौन होगा इसको लेकर की तरह की चर्चाएं हैं। बीजेपी खुद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है कि पीएम मोदी तीसरी बार सरकार संभालने जा रहे हैं। वही विपक्षी इंडिया गुट का दावा है कि अगली सरकार विपक्ष की बनेगी। इस बीच चुनाव विश्लेषक और किसान नेता योगेंद्र यादव ने बीजेपी की सरकार बनने की भविष्यवाणी कर विपक्ष को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी 240 से लेकर 260 सीट तक जीत सकती है। बीजेपी के सहयोगी दल 35 से 45 सीट जीत सकते हैं। इससे एनडीए की सरकार आसानी से बन जाएगी। योगेंद्र यादव ने कांग्रेस के लिए भी भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि पार्टी इस बार 100 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है। उधर, प्रशांत किशोर ने योगेंद्र यादव के विश्लेषण को सही बताते हुए एक्स पर लिखा कि केंद्र में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। मौजूदा लोकसभा में बीजेपी के पास 303 और एनडीए के पास 323 सीटें हैं।

### एलईडी बल्ब के जमाने में लालटेन ने बिहार में अंधेरा फैलाया

# मोदी बोले-इंडी गठबंधन की योजना पांच साल में 5 प्रधानमंत्री देने की है

- इंडी गठबंधन की साजिश का कोलकाता हाईकोर्ट ने किया खुलासा

**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव के नतीजे क्या आने वाले हैं, उसका एग्जिट पोल आना शुरू हो गया है। पीएम ने कहा- आप समझ लीजिए, जब ये इंडी गठबंधन वाले हर समय ईवीएम को गाली देना शुरू कर दें, इसका मतलब है कि एनडीए की सफलता का एग्जिट पोल आ चुका है। 4 जून को पाटलिपुत्र में भी और देश में भी नया रिकॉर्ड बनेगा। पीएम ने यह भी कहा- आज छठे चरण का मतदान हो रहा है। मतदाताओं का अभूतपूर्व उत्साह और उमंग हम लगातार देख रहे हैं। मैं देश के हर मतदाता का अभिनंदन करता हूं और भारी संख्या में मतदान का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी शनिवार को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बिहटा के विक्रम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री विशेष विमान से पटना एयरपोर्ट पहुंचे। पटना एयरपोर्ट से पीएम मोदी हेलीकॉप्टर



के जरिए बिहटा के विक्रम पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा- 2024 के इस चुनाव में एक तरफ 24 घंटे आपके लिए मेहनत करने वाला मोदी है। दूसरी तरफ 24 घन्टे आपसे झूठ बोलने वाला इंडी गठबंधन है। एक तरफ मोदी है जो 24 घंटे सातों दिन तक 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने में जुटा है। वहीं दूसरी तरफ ये इंडी गठबंधन है, जिसके पास कोई काम नहीं है, देशवासियों ने इनकी छुट्टी कर दी है।

## पोर्श दुर्घटना मामले में बड़ा ऐक्शन, 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर कार्रवाई, दादा भी हुए गिरफ्तार

पुणे (एजेंसी)। पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को बड़ा ऐक्शन लिया गया। आरोपी किशोर को जिस पुलिस स्टेशन में लेकर जाया गया था, वहां के 2 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने के कारण यह कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों वही पुलिसकर्मी हैं जो घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि इन्होंने मामले की सूचना अपने सीनियर्स को नहीं दी। साथ ही, कंट्रोल रूम तक इसकी जानकारी नहीं पहुंचाई गई थी। इस बीच, पुणे की अदालत ने पोर्श दुर्घटना मामले में 17 वर्षीय आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल समेत 6 लोगों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# गेमिंग जोन में भीषण आग, 22 की मौत

### टीआरपी मॉल में हुआ अग्निकांड, मुख्यमंत्री ने घटना पर लिया संज्ञान



अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है। भीषण गर्मी के बीच राजकोट के टीआरपी मॉल में आग लग गई है। इसमें 22 की मौत हो गई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अग्निकांड में झुलसे लोगों को राजकोट सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग इतनी विकराल थी कि एक किलोमीटर दूर तक इसका धुआं देखा गया। जानकारी के अनुसार आग मॉल के गेम जोन में लगी। सूचना पर पहुंची दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि मॉल में आग कहां से लगी। पुलिस के अनुसार सयाजी होटल के पास स्थित टीआरपी मॉल में अचानक आग लगने की घटना सामने आई थी। सूचना में तमाम एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंची थीं। मॉल में जब आग लगी उस वक्त पर गेम जोन में काफी बच्चे मौजूद थे। राजकोट में आग की इस घटना ने सूरत के तक्षशिला अग्निकांड की काली यादों को ताजा कर दिया है। इसमें 22 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। गर्मियों में लोग बच्चों के साथ गेमिंग जोन में गए हुए थे।

### सीएम ने लिया घटना पर संज्ञान

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन की आग पर संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि राजकोट में गेम जोन में लगी आग की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने राजकोट के कलेक्टर से फोन पर बात करके अग्निकांड की स्थिति की जानकारी ली है। इतना ही नहीं सीएम ने इस घटना की जांच एसआईटी से कराने का फैसला लिया है।

## भाजपा हर जगह हार रही, तो कैसे आएंगी उसकी 400 से ज्यादा सीटें

- जमकर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे, कहा-भाजपा स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हैरानी जताई कि जब भाजपा



हर जगह हार रही है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे 400 से ज्यादा सीट जीतने का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। खरगे ने अपने गृहनगर कलबुर्गी में कहा कि जनता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को अच्छा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता और पीएम मोदी के बीच है, क्योंकि लोग अब परेशान हो चुके हैं, खासकर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला किया जा रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीजेपी स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर सरकार चला रही है, जिस कारण जनता उससे खासी नाराज है और विपक्षी गठबंधन इंडिया को समर्थन दे रही है इसलिए गठबंधन के पास अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है।

# झारखंड-बंगाल में बम-बम, यूपी-बिहार में नहीं दिखा दम

### ● 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग संपन्न, आखिरी चरण 1 जून को ● धोनी ने रांची में वोट डाला, प्रियंका बच्चों के साथ वोट डालने पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के छठे फेज में 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम तक 60 फीसदी से ऊपर वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 79 फीसदी और सबसे कम यूपी में लगभग 60 फीसदी मतदान हुआ है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्ट किया है। उन्होंने बांकुड़ा जिले रघुनाथपुर में 5 ईवीएम पर भाजपा का टैग लगे होने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडीडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ बीजेपी एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प



में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40 सीटें मिली थीं।



### कोई भैंस तो कोई नाव पर सवार होकर पहुंचा बूथ

बिहार में छठे चरण में आठ लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। शनिवार को सीवान, महाराजगंज, पूर्वी-पश्चिमी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज और वाल्मीकि नगर में वोटिंग हुई है। सुबह सात बजे से लोग लाइन में खड़े वोट दे रहे थे। इस दौरान बूथों से कई तस्वीरें सामने आई हैं। कई बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार लगी है। कहीं नाव, भैंस, ट्रैक्टर पर बैठकर लोग वोटिंग सेंटर पहुंच रहे थे। फर्स्ट वोटर्स में भी खास उत्साह दिख रहा है। युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाता अपने मत का प्रयोग कर रहे थे।

## सुरक्षाकर्मियों के बीच वोटिंग बूथ पहुंचीं नूपुर शर्मा

सोचिए, बीजेपी की नेता रहीं नूपुर शर्मा का दिखना भी खबर है। आज नूपुर शर्मा दिखीं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज दिल्ली में भी मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने का दायित्व निभाने नूपुर शर्मा भी घर से निकलीं और मतदान केंद्र तक पहुंचीं। इस दौरान उनके इर्द-गिर्द सुरक्षा का कड़ा घेरा था। हाथों में घातक हथियार लिए सुरक्षा कर्मी उन्हें चारों ओर से घेरकर चल रहे थे। पांच विशेष सुरक्षाकर्मियों के अलावा एक पुलिस वाला भी साथ दिखा। सुरक्षाकर्मियों में एक महिला भी थी। इनसबके बीच घिरीं नूपुर शर्मा को जब कैमरे ने कैच किया तो वो मुस्कुरा उठीं। वो कैमरे के सामने रुककर तस्वीरें तो नहीं खिंचवाई, लेकिन चलते-चलते ही वोट वाली अपनी उंगली जरूर दिखाई। तब से नूपुर शर्मा बहुत लंबे वक्त तक गुमशुदा सी रहीं। फिर एक कार्यक्रम में उन्हें देखा गया।

संक्षिप्त समाचार

## भीषण गर्मी में झुलसी मूंग की फसल



**गोराडीह, एजेंसी।** एक फिर से मौसम का पारा चढ़ने और भीषण गर्मी से मूंग के फसल को काफी क्षति हो रही है। जिससे गोराडीह प्रखंड के किसानों में मायूसी छा गई है। हालांकि पांच दिन पहले हुई बारिश से किसानों में कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन एक बार फिर से पारा चढ़ने से फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। गोराडीह प्रखंड क्षेत्र के काफी संख्या में किसानों मूंग की फसल लगायी है। सालपुर के किसान आनंद यादव, कासिमपुर के अजय सिंह, मोहनपुर के अरूण यादव ने बताया कि हमलोगों ने कई बीघे जमीन में मूंग की फसल लगायी है, लेकिन पानी के अभाव में पौधा मुरझाने लगा है। भाड़े पर बोरिंग से पानी देने पर दो दिन में ही मिट्टी सूख जाती है। धूप इतना कड़क होता है कि मूंग का पौधा झुलस कर मुरझा जाता है। यही हाल रहा तो सारा फसल नष्ट हो जाएगा।

## कजरैली में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाली गई शोभायात्रा



**भागलपुर/कजरैली, एजेंसी।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन लक्ष्मिनिया पुल के पास किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को लेकर शुक्रवार को कथा स्थल से कलश शोभायात्रा निकाली गई। आयोजक मंडली के सदस्यों तथा सैकड़ों की संख्या मे महिलाओं, युवतियों ने महारानी स्थान पर कलश में गंगा जल भरकर शोभायात्रा निकाली। कलशयात्रा को कजरैली बाजार, रहमानीगंज होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। शुक्रवार देर शाम से मंदरांचल से पधारे सत्यप्रकाश जी के मुखारविंद से भागवत कथा का प्रवचन का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम की जानकारी आयोजक मंडली के टुनटुन यादव ने दी है।

## पीरपैंती में श्रीमद भागवत कथा को ले निकाली गई कलश यात्रा



**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के सलेमपुर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में आयोजित श्रीमद् भागवतकथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शुक्रवार को धूम धाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। खासकर महिलाएं एवं नव युवतियां माथे पर कलश धारण किए हुए थीं। यात्रा कथा स्थल से निकल फौजदारी, हाजीपुर, होते हुए शाहाबाद से पुनः कथास्थल वापस लौटी जहां कलश स्थापित किया गया।जबकि यात्रा में प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, रामभुषण उर्फ उड़िया बाबा, प्रिंस मंडल, भूलन दुबे, सुरेंद्र ओझा, पीरपैंती थाना के एसआई बबलु कुमार, पप्पू साह, इंद्रदेव मंडल, शुभम्, छोटू मंडल, उमेश यादव, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### बिहार में सुरक्षा कर्मी पर सियासत, रोहिणी ने पूछा-

# नीतीश के मंत्री की बेटी शांभवी और दामाद को किस आधार पर मिले बॉडीगार्ड

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सुरक्षा कर्मी पर सियासत शुरू हो गई है. रोहिणी आचार्य पर राबड़ी देवी की सुरक्षा कर्मी को साथ ले जाने का आरोप लगा था. इस मामले में राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया. रोहिणी आचार्य के साथ राबड़ी देवी का जो सुरक्षा कर्मी साथ गया था उसे निलंबित कर दिया गया. इसी बीच रोहिणी आचार्य ने सुरक्षाकर्मी के बहाने बिहार सरकार पर निशाना साधा है.



### रोहिणी आचार्य ने पूछा सवाल

आज रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो फोटो पोस्ट किया है. रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से सवाल पूछा है कि, किस हैसियत से बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और दामाद सरकारी सुरक्षा कर्मी का उपयोग कर रहे हैं। नीतीश कुमार जी के चहेते मंत्री जी की बेटी ङ्क दामाद को किन प्रावधानों के तहत सुरक्षा की विशेष-सुविधा मुहैय्या हैमंत्री जी की बेटी व् दामाद की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी-अंगरक्षक किसके हैंक्या मंत्री जी की बेटी व् दामाद सुरक्षा-बंदोबस्त की किसी विशेष-कैटगरी में आते हैं

### राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड नौकरी से निलंबित

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आरोप पर पटना एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया था. टीम ने राबड़ी आवास पहुंचकर जांच की और विभागीय कार्रवाई की. सारण एसपी की रिपोर्ट के आधार पर पटना एसएसपी ने मामले की जांच शुरू की. जिसके बाद पुलिस की स्ढ्ढञ्ज की टीम राबड़ी आवास के बैरक तक पहुंची.

### क्या था मामला

दरअसल, वोटिंग के दिन रोहिणी आचार्य के साथ राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड सारण में घूम रहा था. इसको लेकर भाजपा ने सवाल खड़े किए थे कि किस आधार पर रोहिणी आचार्य राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड को लेकर घूम रही हैं. सरकार ने इस मामले में स्ढ्ढञ्ज का गठन किया था. पुलिस अधीक्षक ने उस अंगरक्षक बॉडीगार्ड जितेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया.

### क्या लिखा है रोहिणी ने

रोहिणी आचार्य ने लिखा है कि,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चहते मंत्री जी के बेटी-दामाद को किस प्रावधान के तहत विशेष सुरक्षा मुहैया है मंत्री जी की बेटी और दामाद की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी एवं अंगरक्षक किनके हैं क्या मंत्री जी की बेटी और दामाद की सुरक्षा बंदोबस्त किसी विशेष कैटेगरी में आती है

## जलजमाव की सूचना पर तत्काल पहुंचेंगे क्यूआरटी के कर्मचारी

**दरभंगा/लहेरियासराय, एजेंसी।** शहर में अब कहीं भी जलजमाव की समस्या होने पर नगर निगम के सफाई कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेंगे। यह निर्णय नगर निगम सभागार में शुक्रवार को स्वच्छता को लेकर आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक नगर आयुक्त कुमार गौरव के आदेश पर बुलायी गयी थी। सिटी मैनेजर रवि अमरनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में मानसून पूर्व नाला उड़ाही व सफाई सहित शहरी क्षेत्र में सफाई को लेकर विशेष चर्चा की गई।

साथ ही सफाई कार्य को लेकर कई अहम योजनाएं भी बनाई गई। सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकार के दोनों अधिकारियों की एक जांच टीम बनायी गयी। इसमें एक अधिकारी वार्ड एक से 24 तक और दूसरे अधिकारी वार्ड 25 से 48 तक हुई नाला उड़ाही की जांच करेंगे। वे जांच प्रतिवेदन नगर आयुक्त को सौंपेंगे। दावा के अनुसार तीनों जोन के प्रभारियों ने पूरे नगर क्षेत्र में 70 से 80 प्रतिशत मुख्य नालों की सफाई और उड़ाही का काम पूरा कर लिया है। लेकिन नगर आयुक्त अपने निरीक्षण में नाला सफाई कार्य से संतुष्ट नहीं थे। बैठक में कहा गया कि सफाई अधिदर्शक और जोन प्रभारी जिस नाले की सफाई पूर्ण कर लेने की रिपोर्ट निगम कार्यालय को सौंपेंगे और उक्त नाला सहायक लोक स्वच्छाता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के अधिकारी की जांच में सही नहीं पाया जाता है तो संबंधित वार्ड के सफाई अधिदर्शक और जोन प्रभारी पर कार्रवाई की जायेगी।

सभी क्यूआरटी की मॉनिटरिंग का जिम्मा सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी का होगा। बैठक में सभी 48 वार्डों के सफाई अधिदर्शक, तीनों जोन के प्रभारी, रात्रि सफाई प्रभारी, वाहन सह गोदाम प्रभारी, स्वास्थ्य प्रभारी, कनीय अभियंता, यांत्रिक अभियंता, सहायक नगर अभियंता और सहायक लोक स्वक्षता एवं अवशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी मौजूद थे।

### शहरवासियों की सुविधा के लिए क्विक रिस्पांस टीम का किया गया है गठन

जिन इलाकों में भीषण जलजमाव की समस्या होती है, उन इलाकों के लिए नगर निगम ने क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया है। सभी जोन के लिए तीन टीम बनायी गयी है। एक टीम में 10 सफाईकर्मी होंगे। वे जलजमाव की सूचना पर उक्त स्थल पर पहुंचकर आउटलेट की सफाई कर जलजमाव से निजात दिलाएंगे। जलजमाव से निजात के लिए सम्बंधित वार्ड के सफाई अधिदर्शक को मोबाइल पर कॉल कर क्यूआरटी को बुलाया जा सकता है। सफाई अधिदर्शक सम्बंधित जोन की क्यूआरटी को जलजमाव की सूचना देंगे और कुछ घंटे के अंदर उक्त स्थल के आउटलेट को क्लियर कर जलजमाव से निजात दिलायी जायेगी।

## मोरवा के बीडीओ पर एफआईआर दर्ज: पद पर रहते हुए सरकारी योजनाओं में गबन व भ्रष्टाचार का आरोप



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के मोरवा प्रखंड में कार्यरत प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संजय सिन्हा पर पद पर रहते हुए सरकारी योजनाओं में राशि गबन और भ्रष्टाचार को लेकर ताजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी कोर्ट के आदेश पर कराई गई है। उनपर नल-जल योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी समेत कर्मचारी आवास योजना के जीर्णोद्धार में धांधली बरतने, सरकारी पद पर रहते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप लगाया गया है। यह प्राथमिकी मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के मोरवा डीह निवासी विजय कुमार झा ने न्यायालय में दायर किया। अभियोग पत्र के आलोक में किया गया है।

### सरकारी राशि का सुनियोजित तरीके से गबन

प्राथमिकी में कहा गया है कि अभियोगी ने 2 जनवरी 23 को मोरवा प्रखंड में कर्मचारी आवास संख्या 8 और 9 के जीर्णोद्धार में धांधली बरती और प्रखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त रहने की शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से शिकायत की गई। लेकिन जांच में कहा गया कि कोई अनियमितता नहीं है। आदेश के खिलाफ अपर समार्हता के यहां अपील की गई वहां भी कहा गया कि जीर्णोद्धार कार्य प्राक्लन के अनुरूप किया गया है। फिर डीएम के यहां अपील की गई। जहां पंचायती राज पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण कर निराकरण का आदेश दिया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि सरकारी राशि का सुनियोजित तरीके से गबन किया है। योजना की फाइल से छेड़खानी कर सकते है। आरोपी द्वारा पीड़ित को कई तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रखंड के सारंगपुर में नल जल योजना में गड़बड़ी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दाखिल खारिज, मापीपुस्ट व भौतिक स्थिति की जांच में भिन्नता है। आरोपी सरकारी पद पर रहते हुए अभिलेख से छेड़खानी की।



## पटना में शख्स के ऊपर से गुजर गई पूरी ट्रेन, ट्रैक पर पेट के बल लेटा था

### तभी आ गई वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस

**पटना, एजेंसी।** पटना जंक्शन पर शुक्रवार को एक व्यक्ति के ऊपर से पूरी ट्रेन गुजर गई, लेकिन उसे खरोंच तक नहीं आई। दरअसल, 12741 वास्कोडीगामा-पटना एक्सप्रेस करीब 11 बजे पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची थी। यात्रियों के उतरने के बाद यह ट्रेन यार्ड में जा रही थी। इसके पहले ही एक व्यक्ति ट्रैक पर जाकर पेट के बल लेट गया। उसके पास गमछा था। सिर को उठाए और बदन को सिकुड़ा कर वह लेटा रहा। वहां मौजूद यात्री उसे बार-बार कह रहे थे-किसी हाल में नहीं उठना है। जिस तरह से लेटे हो, उसी तरह से रहना। मौत के मुंह में समाने का डर भी उसे सता रहा था। वह हल्का सिर उठाकर ट्रेन की हर बोगी को देख रहा था। जब ट्रेन गुजर गई तो लोगों ने उसे ट्रैक से प्लेटफॉर्म पर लाया। वह मानसिक बीमार है। शख्स बाहर निकला तो लोगों ने उससे नाम पूछा वो अपना नाम भी नहीं बता पा रहा था। बाद में इसकी सूचना रेल प्रशासन को दी गई। इसी बीच वह पटना जंक्शन से चला गया। पटना जंक्शन जीआरपी थानेदार पंकज कुमार को इस घटना की भनक तक नहीं लगी। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। जीआरपी के किसी पुलिसकर्मी ने यह सूचना नहीं दी। हालांकि दानापुर रेल मंडल के सीनियर कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह बात सही है कि उस मानसिक बीमार व्यक्ति के ऊपर से यार्ड में जाते समय वास्कोडीगामा एक्सप्रेस गुजर गई। वह व्यक्ति खुद ही ट्रैक पर जाकर लेट गया था। उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### स्नातक में डेढ़ लाख छात्रों ने किया आवेदन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीआरएबीयू में स्नातक में दाखिले के लिए शुक्रवार तक डेढ लाख आवेदन आ चुके हैं। विवि प्रशासन का कहना है कि अबतक यह सबसे अधिक आवेदन आया है। बिहार विवि में 31 मई तक स्नातक में आवेदन कर सकते हैं। विवि प्रशासन ने दावा किया कि दरभंगा से भी विद्यार्थी बीआरएबीयू में दाखिले के लिए आवेदन कर रहे हैं। दरभंगा में संस्कृत विवि का सत्र देर होने से कई छात्र बीआरएबीयू की तरफ रुख कर रहे हैं। अबतक दरभंगा के लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है।

## पताही के मंदिर में 41 दिनों में 6 मूर्तियां चोरी, चोरों ने पांच बार घटना को दिया अंजाम

**मोतिहारी, एजेंसी।** पताही थाना क्षेत्र के मंदिरों में अब भगवान भी सुरक्षित नहीं है। चोरों की नजर मंदिरों में अष्टधातु के कीमती मूर्तियों पर है। पिछले 41 दिनों के अंदर अलग-अलग मंदिरों से भगवान राम-सीता सहित विभिन्न देवीदेवताओं की छह मूर्तियां चोरी हो चुकी है। इस दौरान पिछले महीना अप्रैल से लेकरअभी तक मंदिर से मूर्ति चोरी की पांचघ टनाएं हुई हैं, जिसमें प्राथमिकी दर्ज होनेके बावजूद, पुलिस एक भी घटना काखुलासा नहीं किया और अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। मूर्ति चोरी कीघटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति असंतोष बढ़ने लगी है।

पिछले महीनाबोकाने कला गांव के सैकड़ों वर्ष पुरानीराम जानकी मंदिर से 13 अप्रैल को चोरोंने लड्डू गोपाल के धातु की दो मूर्ति चोरीकर लिया। उसके बाद 9 मई के रात बखरीगांव में नागेश्वर बाबा के राम जानकी मंदिरसे अष्टधातु से निर्मित मां सीता के मूर्ति चोरी हो गई। उसके एक दिन बाद 10 मई की रात नोनफरवा गांव के ब्रह्म स्थान के पास राम जानकी मंदिर से चोरों ने यहां भी सीता जी के मूर्ति को चुरा लिया। चौथी घटना 20 मई को जिहुली गांव के वार्ड दसके राधा कृष्ण बड़का मठ से चोरों ने सैकड़ों वर्ष पुरानी अष्टधातु के वजनदारभगवान कृष्ण के मूर्ति चुरा ली। इस घटना के एक रोज बाद 21 मई को फिर से चोरों ने नोनफरवा गांव के वार्ड छह मेंलक्ष्मी नारायण प्रसाद के राम जानकी मंदिर से भगवान लक्ष्मण एवं मां सीता केअष्टधातु के मूर्ति को चुरा ली।





## जमुई में पंचायती राज पदाधिकारी की सरेआम पिटाई

### ड्राइवर को भी मारा : सामने आया वीडियो, चेहरे पर गमछा बांधे बदमाशों ने की मारपीट

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा और उनके ड्राइवर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए है। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार की दोपहर का है। पदाधिकारी और उनके ड्राइवर के साथ 7 से 8 हथियारबंद बदमाशों ने बीच सड़क पर मारपीट की। इस दौरान दोनों को दौड़ा-दौड़ाकर पिटा गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पंचायती राज पदाधिकारी के साथ मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सभी बदमाश चेहरे पर गमछा बांधे हुए है। सभी अपने हाथों में लाठी-डंडा लिए हुए है और हथियार से लैस है। पदाधिकारी को बीच सड़क पर खींचते हुए खेत की ओर ले जाया गया और मारपीट की गई। मारपीट की इस घटना में में सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा और उनके चालक धर्मेंद्र कुमार मांगो बंदर निवासी का हाथ और पैर टूट गया है।

### पदाधिकारी की हालत गंभीर

जानकारी के बाद सोनो थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पंचायती राज पदाधिकारी व उनके चालक को इलाज के लिए सोनो अस्पताल लाया गया था। जहां दोनों की हालत गंभीर को देखते चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। अब तक पंचायती राज पदाधिकारी पर हमला करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

### अपराधियों की पहचान करने में जुटी पुलिस

बताया जाता है कि जिस जगह घटना हुई है, वह खैरा थाना क्षेत्र के केंदुआ का इलाका है। हालांकि, मामले की जानकारी के बाद खैरा व सोनो थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं, थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने बताया कि सोनो प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र कुमार वर्मा सरकारी कार्य को लेकर जमुई जा रहे थे। तभी खैरा थाना क्षेत्र के केंदुआ के पास पहले से घात लगाए नकाबपोश अपराधियों ने हमला कर दिया। एक वीडियो मिला है, जिसके जरिए अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है, पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

## संक्षिप्त समाचार

## तीन लाख वोट से जीतेंगे डॉ राजेश : ई मनीष



**बीएनएम। मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को मतदान सम्पन्न हुआ। इसके साथ हीं विभिन्न दल के नेताओं ने अपने-अपने उम्मीदवार के जीत का दावा करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में राजद नेता ई मनीष कुशवाहा ने महागठबंधन समर्थित वीआईपी पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार के तीन लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज करने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र की जनता ने एनडीए प्रत्याशी राधामोहन सिंह को नकारते हुए डॉ राजेश के पक्ष में वोट किया है। शानदार जीत के साथ हीं डॉ राजेश मोतिहारी लोकसभा क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों का आगाज करेंगे। जिसके बल पर मोतिहारी की एक अलग पहचान होगी। उन्होंने कहा कि जनता का महागठबंधन को दिया गया एक-एक वोट मोतिहारी के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी।

## अभिनय के लिए प्रसाद रत्नेश्वर को मिला 2024 का नटराज कला सम्मान

**बीएनएम। मोतिहारी।** अपने योगदान से मोतिहारी रंगमंच को राष्ट्रीय मानचित्र पर आलोकित करने वाले प्रसाद रत्नेश्वर को नाट्य-संवर्ग में अभिनय के लिए 2024 का नटराज कला सम्मान मिला है। संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् (आईसीसीआर) एवम् कला, संस्कृति एवम् युवा विभाग,बिहार सरकार के सहयोग से नटराज कला मंदिर,पटना के द्वारा प्रेमचंद रंगशाला में 23 से 25 मई तक आयोजित 14 वां नटराज उत्सव में प्रसाद रत्नेश्वर को उनके विलक्षण एवम् विपुल योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान - स्वरूप नटराज का आकर्षक प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति सम्मान - पत्र, अंगवस्त्रम तथा सम्मानजनक नकद राशि भेंट की गई। संस्थाध्यक्ष कुमार अनुपम, सचिव अंजुला कुमारी एवम् कोषाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती ने कला संवर्धक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि प्रसाद रत्नेश्वर ने अपने 40 वर्षों के रंगकार्य से बिहार एवम् चंपारण के सांस्कृतिक तथा सामाजिक जीवन को प्रभावित किया है।

## उमस भरी गर्मी के बावजूद लोग मतदान के लिए लाइन में खड़े रहे लोग

**बीएनएम। पकड़ीदयाल।** लोकतंत्र के महापर्व में पकड़ीदयाल के सभी मतदान केदो पर 7:00 बजे से ही मतदाता कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान किया। चिलचिलाती गर्मी की परवाह न करते हुए छठे चरण के मतदान के लिए सुबह 7:00 बजे से मतदान क केंद्रो पर मतदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी बेहतर तरीके से संभाले रही। तपती गर्मी का एहसास और उमस भरी गर्मी के बावजूद लोग मतदान के लिए लाइन में खड़े रहे। पकड़ी दयाल क्षेत्र में लगभग 51% के आसपास मतदान हुआ 2:00 के बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में भीषण गर्मी के कारण कमी देखी गई। छिटपुट मतदाता मतदान केंद्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करते रहे। विद्यालय भवन में मतदान केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे भीषण गर्मी ने महिला और पुरुष मतदाताओं को काफी बेचैन किया। नये मतदाताओं में पहली बार मतदान करने का उत्साह और उल्लास देखा गया। वही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देश में मजबूत और इलाके का विकास करने वाली सरकार चुनने के साथ अपने सांसद प्रत्याशी को प्रभारी शकुंतला कुमारी ने समय-समय पर सभी बूथों का निरीक्षण करते नजर आये।

## अवहार कुड़िया मतदान केंद्र संख्या 227 और 228 पर मतदाताओं ने वोट का किया बहिष्कार

### बीडीओ और सीओ के समझाने बुझाने के बाद मतदान मतदाताओं ने शुरू किया मतदान

**बीएनएम। बेतिया।** सड़क नहीं तो वोट नहीं को लेकर मझौलिया प्रखंड के अहवर कुड़िया पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 227 और 228 पर एक टोला के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया।इसकी सूचना मिलते हीं प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन अंचलाधिकारी राजीव रंजन बी पीआरओ रंजन कुमार मतदान केंद्र पर पहुंच कर बहिष्कार किए लोगों को समझा- बुझाकर मतदान शुरू करादिया गया।इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार ने देते हुए बताया कि एक वार्ड के ग्रामीणों में जर्जर सड़क नहीं बनने को लेकर आक्रोश था तथा मतदान का बहिष्कार किए थे। मतदाताओं को समझा बूझाकर मतदान शुरू करा दिया गया।लगभग 20 प्रतिशत मतदाता 12:00 बजे तक अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं शांति पूर्ण से मतदान जारी है ।उन्होंने बताया कि अन्य वार्ड के लोग अपने मत का प्रयोग कर रहे थे।



अपने पैतृक गांव के बूथ पर मतदान के बाद उद्योगपति राकेश पाण्डेय

# लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर जगह मतदाता दिखे जागरूक

बीएनएम। मोतिहारी




मोतिहारी मे लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर जगह मतदाताओं की जागरूकता देखने को मिली। सुबह 7 बजे से ही महिला, बुजुर्ग एवं युवा मतदाताओं द्वारा मतदान केन्द्र पर लाइन में खड़े होकर शांतिपूर्ण मतदान किया गया। बता दें कि बॉर्डर न्यूज मिरर के दो सदस्यीय टीम द्वारा शिवहर में हो रहे मतदान का जायजा लिया गया, जिसमें दोपहर 12 बजे तक लगभग 50 प्रतिशत अधिक मतदाताओं नें शांतिपूर्ण मतदान कर चुके थे । वही कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। दोपहर 12 बजे तक हुए मतदान का आकड़ा कुछ इस प्रकार है जो निचे दर्शाया गया है। शिवहर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ढाका विधान सभा के झरौखर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय जमुनिया (दक्षिणी भाग) बूथ संख्या-31 पर दोपहर 12 बजे तक 52.16% मतदाता अपना वोट दे चुके थे। जिसमें 237 पुरूष एवं 232 महिला मतदाता शामिल थी। बतादें कि उपरोक्त केन्द्र पर कुल मतदाताओं की संख्या- 899 है। वही उ. म. विद्यालय जमुनिया (उत्तरी भाग) बूथ संख्या- 30 पर लगभग 50% मतदाताओं नें दोपहर तक मतदान किया था जबकि यहां कुल मतदाताओं की संख्या- 1076 है। वही झरौखर स्थित दो केन्द्रों पर भी लगभग 47 % ही मतदान हुआ था। बतादें कि टी. आर. एम. पी. उच्च विद्यालय घोड़ासहन में कुल 4 मतदान केन्द्र बनाए गए है। चारों केन्द्रों पर दोपहर 01 बजे तक लगभग 55% मतदाता अपनी वोट दे चुके थे। बतादें कि जायजा लेने के दौरान मतदाताओं नें बताया कि शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद एवं इंडी गठबंधन से रितु जायसवाल के बिच जोरदार टक्कर चल रही है।



मतदान करने के बाद उंगली का निशान दिखाते महागठबंधन प्रत्याशी डॉ राजेश कुशवाहा



हरसिद्धि प्रखंड के जगापाकड़ और भादा पंचायत में अवस्थित बूथों का निरीक्षण करते सेक्टर पदाधिकारी



केसरिया में विधानसभा स्तरीय नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मी



आदापुर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के महान पर्व में अपनी भूमिका निभाते मतदान कर्मी



मतदान करने के बाद व्हीलचेयर से घर जाती वृद्ध मतदाता



अरेराज में मतदान करके वापस लौटते महामंडलेश्वर सह सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर के महंत स्वामी रविशंकर गिरी जी महाराज





नौकरी नौकरी
प्रियांशु बाजाज
फाइनेंस होल सेल मार्केट लिमिटेड
PS BAJAJ FINANCE WHOLE SALE Market QUALITY MATTERS
Contact No.- 8755711350, 7324818096
https://psbajajholselemarket.in/career

# लोस चुनाव : केसरिया विधानसभा क्षेत्र में करीब 58 फीसदी हुआ मतदान

- सुबह से हीं लगी रही लंबी कतारें
- पल-पल की जानकारी लेते रहे अधिकारी



**बीएनएम। केसरिया**

पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन को लेकर केसरिया विधानसभा क्षेत्र के 267 मतदान केंद्रों पर भी निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराया गया। इसके साथ हीं लोकसभा प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। क्षेत्र में छह मतदान केंद्र पर मॉक पोल में वीवीपैट मशीन व एक बूथ पर कण्ट्रोल यूनिट रिप्लेस किया गया। वहीं विधानसभा क्षेत्र के संग्रामपुर में दो केंद्रों पर ईवीएम सेट बदला गया। इन बूथों पर करीब 10 मिनट देर से मतदान शुरू हुआ। कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। हालांकि दरमाहा बूथ संख्या 232 से शांति व्यवस्था भंग करने के शक में एक युवक को हिरासत में लिया गया। जिसे चुनाव समाप्ति के बाद छोड़ दिया गया। इस चुनाव में केसरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 58.34 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इधर, महागठबंधन समर्थित वीआईपी पार्टी के उम्मीदवार डॉ राजेश कुमार ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरैना स्थित बूथ संख्या 120 पर मतदान किया।

**सुबह से हीं मतदाताओं की लगने लगी कतार-** इस चुनाव को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान के दिन सुबह से हीं क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। हालांकि कड़ी धूप के कारण दोपहर में अधिकांश बूथ पर मतदाताओं की संख्या कम दिखी। मध्य विद्यालय बिजधरी बूथ संख्या 187, 188 व 189 पर सुबह से हीं मतदाताओं की भारी भीड़ रही। यहाँ पहली बार वोट करने आयी बिजधरी निजामत की अनिशा कुमारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर काफी उत्साहित हैं। देश की उन्नति व विकास के मुद्दे पर वोट किया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाला छपरा नवीन बूथ संख्या 181 पर मतदान करने आयी अंजली कुमारी व मध्य विद्यालय बथना उर्दू बूथ संख्या 196 पर वोट करने आयी मुसर्रत आरजू भी पहली बार वोट कर खुश दिखी। वहीं बूथ संख्या 181 पर लाला छपरा की 92 वर्षीय शकुंतला देवी अपने पोता मनमोहन गिरी के साथ व्हीलचेयर से वोट देने मतदान केंद्र पहुँची थी।

**बहिष्कार के बाद भी हुआ मतदान-** केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र के ढेकहाँ पंचायत के मझरिया गाँव के लोगों ने विगत दिनों पुल नहीं तो वोट नहीं व बिजली नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया था। लेकिन मतदान के दिन उक्त गाँव के लोगों ने बूथ संख्या 163 व 164 प्राथमिक विद्यालय मझरिया में जमकर वोट किया। दरअसल उक्त गाँव के लोगों के इस निर्णय को संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर बदल दिया। जिससे बिजली की समस्या का समाधान हो गया। वहीं चंपारण तटबंध से मझरिया को जोड़ने वाली पुल क्षतिग्रस्त स्थिति में है। इसकी अस्थायी तौर पर मरम्मत की गई।

**नियंत्रण कक्ष से पल-पल की जानकारी लेते रहे अधिकारी-** उच्च विद्यालय केसरिया में विधानसभा स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई थी। जहाँ एलएस तान्या गुप्ता को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं छह अन्य कर्मियों की इस नियंत्रण कक्ष में तैनाती की गई थी। डीडीसी समीर सौरभ, बीडीओ मनीष कुमार सिंह, बीपीआरओ खुशबू कुमारी सहित अन्य अधिकारी भी नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहे।

**पिंक बूथ पर मूलभूत सुविधाएं रही नदारद-** बूथ संख्या 203 प्राथमिक विद्यालय केसरिया हिंदी में बने पिंक बूथ पर मूलभूत सुविधाएं नदारद रही। यहाँ वोट करने आने वाले मतदाता कड़ी धूप में कतारबद्ध होने को मजबूर दिखे। प्रशासनिक तौर पर पंडाल या सामियाना की कोई व्यवस्था नहीं रही। शुद्ध पेयजल का भी अभाव रहा। इसके अलावा कई अन्य बूथ पर भी पेयजल, मेडिकल कीट व अन्य आवश्यक सुविधाओं की कमी दिखी।

## संक्षिप्त समाचार

## कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

- भीषण गर्मी के बावजूद जमकर हुआ मतदान
- प्रखंड में मतदान का प्रतिशत 59.43 रहा
- सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लगी लंबी कतारें

**बीएनएम। सुगौली।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। तीन मतदान केंद्रों पर ईवीएम मॉक टेस्ट के दौरान परेशानी उत्पन्न हुई जिससे मतदानकर्मियों ने मतदान शुरू होने से पूर्व ही ठीक कर लिया तो वहीं मतदान केंद्र संख्या 172पर ईवीएम में आई खराबी के कारण कुछ देर मतदान बाधित रहा जिसे ईवीएम बदल कर फिर से मतदान शुरू किया गया।। वहीं प्रखंड के दक्षिणी श्रीपुर पंचायत में मतदाता ने वोट देने के क्रम में ईवीएम पर बटन दबाते हुए मोबाइल से तस्वीर लेकर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर स्थानीय पंचायत निवासी युवक सुकन साह की बताई जाती है। मामले की जानकारी पुलिस को लगते ही स्थानीय पुलिस युवक को पकड़ने के लिए कार्यवाही कर रही है। प्रखंड क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं है। भीषण गर्मी के बावजूद कई मतदान केंद्रों पर सुबह से लेकर दोपहर बाद तक मतदाता मतदान का प्रयोग करते दिखे। प्रखंड क्षेत्र में 59.43प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना के साथ साथ जिला पुलिस प्रशासन और अर्धसैनिक बल के जवान और अधिकारी मुस्तैद दिखाई दिए। पुलिस के वाहन मतदान केंद्रों पर लगातार गश्त करती दिखी तो वहीं नगर पंचायत से लेकर प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों की स्थिति पर प्रखंड मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी ने नजर बनाए रखा।

## सुविधाओं के अभाव में भी बूथ पर टिके रहे मतदाता

**बीएनएम। तुरकौलिया।** लोकतंत्र के महापर्व में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव के छठे चरण के मतदान के दिन शनिवार को 40 डिग्री तापमान में भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए लाइन में खड़े देखा गया। अधिकांश बूथों पर धूप से बचाव के लिए सामियाना, टेंट का व्यवस्था नही किया गया था। चिलचिलाती धूप में लोग मतदान करने के लिए लाइन में खड़े थे। पीने का पानी का भी कोई व्यवस्था नही किया गया था। सभी बूथों पर नये मतदाता युवकों ने भी उत्साह के साथ पहली बार मतदान किया। बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं भी वोट डालने बूथ तक पहुंची थी। जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने वोट डालने के बाद लोगों से मतदान करने का अपील करते नजर आए। वही पूर्व मुखिया बेबी आलम ने भी सोशल मिडिया के माध्यम से पहले मतदान फिर जलपान करने का संदेश दे रहीं थीं। साथ ही महिलाओं को भी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए बेबी आलम वोटिंग करने के लिए प्रेरित करते नजर आई। चुनाव के दौरान बीडीओ रमेंद्र कुमार प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी, सुपर जोनल पदाधिकारियों के साथ लगातार सभी बूथों का जायजा लेते दिखे। बीडीओ ने बताया कि करीब तुरकौलिया में 60 से 63 प्रतिशत मतदान होने की अनुमान है। चुनाव समाप्त होने के बात क्लियर तस्वीर सामने आएगी। चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल भी लगातार गश्ती कर रही थी। थानाध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हुआ है।

## पश्चिमी चंपारण में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ लोकसभा चुनाव

**बीएनएम। बेतिया।**लोकसभा चुनाव 2024 के 6 त चरण में पश्चिम चंपारण जिला के वाल्मीकि नगर एवं पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र में भारी अव्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हो गया। इसके साथ ही बाल्मीकि नगर के 10 एवं पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र के 8 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला EVM में बंद हो गया। लोकसभा चुनाव 2024 के महापर्व में महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस दौरान कई मतदान केदों पर मतदाताओं को भारी परेशानियां भी झेलनी पड़ी। भीषण गर्मी और चिल्लाती धूप पर भी हावी रहा मतदान । जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार 55.22% मतदान होने की सूचना है। मतदाताओं में इस बार चुनाव के प्रति उत्साह नहीं दिखा । वहीं बाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र के सिकटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैनाटांड़ प्रखंड के बसठा पंचायत के बौद्धबरवा ग्राम के बूथ नंबर 74 पर ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार करने की भी खबर आयी। ग्रामीणों का कहना था कि रोड नहीं तो वोट नहीं । अधिकांश मतदान केंद्रों पर न पेयजल की व्यवस्था थी और नहीं टेंट की। इस दरमियान महिला मतदाताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## लोकसभा चुनाव के मतदान महापर्व में शामिल हो भारतीय लोकतंत्र को करें और मजबूत:गरिमा

नगर निगम महापौर ने अपने नगर पार्षद पति और अन्य परिजनों के साथ लाल बाजार के बूथ पर किया मतदान



**बीएनएम। बेतिया**

बेतिया नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने अपने नगर पार्षद पति रोहित सिकारिया और अन्य परिजनों के साथ शुक्रवार को मतदान किया। नगर के लाल बाजार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 1 पर मतदान किया। इस मौके पर मिले मीडिया कर्मियों से बात चीत में महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव का मतदान महापर्व शनिवार को पूरे पश्चिम चंपारण में मनाया जा रहा है। इसको लेकर चाक चौबंद प्रशासनिक तैयारी के लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि इसको सफल बनाने में हर एक महिला पुरुष नागरिक मतदाताओं को अपनी अपनी भागीदारी निभानी है। तभी अपना लोकतंत्र और सशक्त बन सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रात जानकारी के अनुसार मतदान के लिए निर्धारित समय सीमा का करीब आधा बीत जाने के बावजूद औसतन 30 से 35 फीसदी वोटरों के ही मतदान के लिए निकलने की खबर मिलना हमारी चिंता बढ़ाने वाली बात है। इसको लेकर आप सब मीडिया और सोशल मीडिया के पत्रकार बंधुओं के माध्यम से मैं अपील करना चाहूंगी कि लोग अपने अपने घरों से जरूर निकलें और अवश्य मतदान करें।

## पताही नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों पर चौकीदार के डंडे के सहारे थाना अध्यक्ष ने चुनाव कराया शांति पूर्ण संपन्न

थाना अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में हर 15 मिनट पर बूथ को टच करते रहे भ्रमण बाइकर्स टीम



**बीएनएम। पताही**

चिरैया विधानसभा क्षेत्र के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र पताही क्षेत्र के 112 बूथों पर मतदाताओं ने लोक सभा आम चुनाव को लेकर सुबह से ही पहले मतदान बाद में जलपान जिला अधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर सुगम मतदान में पुरुषों से अधिक महिलाओं की भागीदारी दिखी है। इन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 45 से 50 प्रतिशत शाम 5 बजे तक देखा गया है। हर बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग भय मुक्त होकर कर रहे थे। हालांकि सबसे चौंकाने वाली बात इस बार देखी गई पताही के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 112 बूथों पर थानाध्यक्ष कैलाश कुमार के द्वारा बनाई गई स्पेशल चौकीदार बाइकर्स टीम का कमाल देखने को मिला। जबकि इन चौकीदारों के पास सिर्फ डंडे थे। इन डंडो के सहारे अकेला हर मतदान केंद्रों पर तक सूचना मिलते ही 20 मिनट के अंदर पहुंचकर समस्याओं का निदान किया जा रहा था। वहीं कोई पंचायत में बीएलओ के लापरवाही देखी गई। जहां मतदाता सुबह से ही कतार में खड़े हो गए लेकिन उनको मतदान पर्ची नहीं उपलब्ध कराया गया था जिसके वजह से उनको काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बाद मिली पदाधिकारी के सूचना के बाद सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि मतदाता पर्ची से वंचित सभी मतदाता मालिकों को तुरंत मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। वही विकास के नाम पर पहली बार वोट कर मुस्कान कुमारी ने बताई की लोकतंत्र के इस महापर्व में सुदूर देहात गांव क्षेत्र मे सरकार द्वारा जिस तरह शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें सुदूर गांव देहात के लड़की भी शिक्षित होकर अपनी मुकाम हासिल कर रही है वही मुस्कान कुमारी ने पहली बार अपना माताधिकार का प्रयोग की। 12वीं पास मुस्कान कुमारी ने बताई की लड़कियों के लिए सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। देश में बेरोजगारी महंगाई चरण सीमा पर है सरकार को लड़कियों के लिए अच्छे स्कूल, अच्छी शिक्षा एवं सभी जाति धर्म समाज के लोगों के उत्थान के लिए विशेष योजना चलनी चाहिए। इसी उम्मीद के साथ हम विकास के नाम पर अपना मत अधिकार का प्रयोग पहली बार किए हैं। वही प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सम्राट जीत मजिस्ट्रेट नजनी अकरम के अलावा 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट 1 सौ 12 बूथो पर भर्मण सिल रहे। थाना अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि पता ही थाना क्षेत्र के 112 बूथ पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कर लिया गया है। वही समाचार लिखे जाने तक शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ ।

## छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, वाल्मीकिनगर लोकसभा के 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

**बीएनएम। बगहा**



चिलचिलाती गर्मी की परवाह न करते हुए छठे चरण के मतदान के लिए सुबह 7 बजे से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बतादें, वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र संख्या 01 में छठे चरण के मतदान के लिए मतदान केदो पर सुबह 7 बजे से ही मतदाता कतार बध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान किया। सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी बेहतर तरीके से संभाले रही।तपती गर्मी का एहसास और उमस के बावजूद लोग मतदान के लिए लाइन में खड़े रहे । शाम 5 बजे तक वाल्मीकिनगर क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत के आस पास मतदान हो चुका था।2 बजे के बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में भीषण गर्मी,उमस के कारण कमी देखी गई।छिटपुट मतदाता मतदान केन्द्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे।टंकी बाजार पंचायत भवन में खुले आसमां के नीचे भीषण गर्मी ने महिला और पुरुष मतदाताओं को काफी बेचैन किया।नये मतदाताओं में पहली बार मतदान करने का उत्साह और उल्लास देखा गया। वहीं बुजुर्ग मतदाता भी मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।तीन आरडी निवासी 80 वर्षीय बच्चा प्रसाद ने वोट डाला तो वहीं बीमार मरीज डॉक्टरों के निगरानी में अनाम महिला ने वोट किया।

**लोकतंत्र के महापर्व में दो खूबसूरत तस्वीरे सामने आई-** वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से लोकतंत्र के महापर्व में दो खूबसूरत तस्वीरें सामने आईं हैं जहाँ एक ओर यूपी सीमा पर स्थित गंडक दियारावर्ती पिपरासी के इलाकों से वोटर नाव के सहारे नदी पार क़र मतदान केंद्रों तक वोट देने पहुंच । वहीं नेपाल की तराई से सटे थरूहट की राजधानी हरनाटांड में भी वोटरों में ग़ज़ब का उत्साह दिखा। बतादें,कल तक नक्सल प्रभावित यह इलाका अब नक्सल मुक्त घोषित क़र दिया गया है लिहाजा वोटर्स खुलकर भयमुक्त माहौल में बूथों पर डटे रहे औऱ चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में भी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग क़र देश में मजबूत औऱ इलाके का विकास करने वाली सरकार चुनने के साथ अपने सांसद प्रत्याशी को वोट किया।

## पश्चिम चंपारण में BJP उम्मीदवार संजय जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज

**बीएनएम। बेतिया**



पश्चिमी चंपारण लोकसभा सीट पर छठे चरण के तहत मतदान हो रहे हैं. लोग जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं. इधर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई भी हो रही है. इसी कड़ी में बेतिया में बीजेपी उम्मीदवार डॉक्टर संजय जायसवाल पर पुलिस ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज की है.बता दें कि, पश्चिमी चंपारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 23 मई की शाम 6 बजे से ही चुनाव प्रचार कार्य रोकने का आदेश दिया गया था. इसके बावजूद 24 मई को अपराह्न में बीजेपी प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल की आवाज में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की सूचना मिली. आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी बेतिया एक्शन में आ गए. बेतिया सदर उड़न दस्ता दल के द्वारा नगर थाना में बीजेपी उम्मीदवार संजय जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. बता दें कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामले को जिला निर्वाचन पदाधिकारी गंभीरता से ले रही है. इसके लिए एक टीम बनायी गयी है. जो लगातार सोशल मीडिया पर अपनी नजर बनाई हुई है.

## संपादकीय

# प्रज्जवल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी

पूर्व प्रधानमंत्री व जनता दल (सेकुलर) के संरक्षक एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते व दल क निलंबित सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी दी है। सेक्स स्कैंडल के आरोपी पोते से उन्होंने देश वापस आने और जांच का सामना करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि इस मामले में उनके या परिवार के किसी सदस्य की तरफ से किसी तरह की दखलंदाजी नहीं करेगा।

प्रज्जवल पर यौन शोषण के कई आरोप हैं, जिनके कारण वह अप्रैल के अंत में कथित रूप से जर्मनी भाग गया था। देवगौड़ा ने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध नहीं कर रहा हूं बल्कि चेतावनी दे रहा हूं। देश के तीसरे सबसे कम उम्र के सांसद होने का रुतबा प्राप्त प्रज्जवल ने 2019 में अपने दादा की हार से दुखी होकर उनके लिए इस्तीफा देने का ऐलान किया था। आज वही दादा प्रज्जवल के कारनामों से दुखी होकर चेतावनी देने को मजबूर हो गए। आहत देवेगौड़ा ने कहा कि इस तकलीफ व झटके से बाहर आने में काफी वक्त लगा। साथ इन गतिविधियों के विषय में ना मालूम होने की बात करते हुए उन्होंने बचाव की इच्छा न होने की बात भी की।

उधर कर्नाटक सरकार ने विदेश मंत्रालय से रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की भी गुजारिश की है। जैसा कि रेवन्ना अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के कुछ ही घंटों पहले उनके अश्लील वीडियो वायरल होते ही, देश छोड़ कर भाग गए थे। देश में आम चुनाव हो रहे हैं और रेवन्ना एनडीए के हासन से उम्मीदवार हैं। इसलिए विपक्ष द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। निःसंदेह देवगौड़ा की चेतावनी से समझा जा सकता है कि उन पर चौतरफा दबाव पड़ रहा होगा। सिलसिलेवार यौन शोषणों के आरोपों से पीढ़ियों की राजनीतिक विरासत को धूमिल करने वाले पोते के प्रति देवगौड़ा का क्षोभ समझा जा सकता है। वे देश के प्रधानमंत्री जैसे सम्मानित पद पर रहे हैं, उन्हें अहसास होगा कि इससे न सिर्फ उनके दल की बल्कि देश की छवि भी धूमिल हो रही है। सांसदों के चरित्र पर पहले भी कीचड़ उछलता रहा है। मगर इस मामले में पीड़ितों ने सामने आकर दोषी का नमा लेने जैसा दुष्साहस किया है। जांच में यह सही पाया जाता है तो जैसा कि देवगौड़ा ने कहा, आरोपी को कड़ी सजा देकर उदाहरण निश्चित करना होगा ताकि भविष्य में सार्वजनिक जीवन में रहने वाले ऐसे अपराधी न साबित हों।

# बेटियों का कमाल

देश की दो कम उम्र बेटियों ने ऐसा कमाल किया है, जिसे वर्षो भुलाया नहीं जा सकेगा। मात्र 15 साल की प्रीति स्मिता भोई ने विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 40 किलो वर्ग के क्लीन और जर्क में 76 किलो वजन उठाने का विश्व यूथ रिकॉर्ड बनाने के साथ कुल 133 किलो वजन उठाया।

वहीं 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सफल अभियान किया है। वह यह उपलब्धि पाने वाली देश की सबसे छोटी पर्वतारोही हैं। इन दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि कोई बात मन में ठान ली जाए तो उसे पूरा किया जा सकता है।

प्रीति स्मिता ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने मात्र दो साल की उम्र में ही पिता को खो दिया था। पर मां ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का बलिदान दिया और उसका केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया। वहां कोच गोपाल कृष्ण दास की उनके ऊपर निगाह पड़ी तो उन्होंने प्रीति को वेटलिफ्टर बनने की सलाह दी। और आज हमारे सामने विश्व रिकॉर्डधारी खड़ी है। वहीं काम्या एक सपन्न परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता एस कार्तिकेयन नौसेना में कमांडर हैं। पिता ने बेटी को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भरपूर साथ दिया है। वह इस अभियान में भी काम्या के साथ एवरेस्ट तक गए थे। मुंबई के नौसेना विद्यालय में 12वीं में पढ़ने वाली काम्या ने नेपाल की तरफ से सफल अभियान करके सबसे कम उम्र में अभियान पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों प्रदर्शन यह जताते हैं कि भारत में विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की तो कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें आगे लाने की है। हमारे यहां पहले भी तमाम युवाएं प्रतिभाएं कमाल करती रहीं हैं। पर इस तरह के मामले में अक्सर खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति के दम पर तमाम मुश्किलों का सामना करके आगे आते रहे हैं। हमने धाविका हिमा दास जैसे तमाम एथलीटों को घर से प्रशिक्षण स्थल तक पहुंचने में तमाम बाधाओं को पार करने की तमाम कहानियां पढ़ी हैं। अगर देश में दूरस्थ स्थानों तक खेल सुविधाओं का नेटवर्क फैलाया जाए तो देश में खेल क्रांति संभव है। हम यदि ऐसा कर सके तो दो-तीन दर्जन पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को चार चांद लगते देख सकेंगे।

# सेवा निर्यात : सरकार की प्राथमिकता जरूरी

इन दिनों प्रकाशित हो रहीं विदेश व्यापार संबंधी नई रिपोटरे में कहा जा रहा है कि 4 जून के बाद गठित होने वाली भारत की नई सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए कि भारत की सेवा निर्यात में दिखाई दे रही ऊंची संभावनाओं को साकार करके बढ़ते विदेश व्यापार घाटे को कम करने की डगर पर आगे बढ़े। सेवा निर्यात बढ़ाकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सहित नये डिजिटल कौशल से दक्ष देश की नई पीढ़ी के लिए रोजगार के नये मौके भी तेजी से निर्मिंत करके नई पीढ़ी को नई मुस्कुराहट दे।



गौरतलब है कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सुस्त रफ्तार दिखाई है। सेवा निर्यात की यह रफ्तार पिछले तीन साल में सबसे कम रही है। हाल में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा है।

निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षो में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख के मुताबिक, पिछले तीस वर्षो में यानी 1993 से 2022 के बीच भारत का सेवा निर्यात 14 फीसद से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा। यह 6.8 फीसद की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में बेहतर है। परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसद से बढ़कर 4.3 फीसद पर जा पहुंची। इसी आधार पर भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक देश बन गया है, जबकि वर्ष 2001 में सेवा निर्यात के मामले में भारत 24वें स्थान पर था। खास बात यह भी है कि दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात के मामले में छठे स्थान पर है।

विश्व व्यापार संगठन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि केवल डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के निर्यात के आधार पर मूल्यांकन करें तो इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। निश्चत रूप से भारत सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बीते कुछ दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात रहा है। इसने न केवल व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद की है, बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा दिया है। भारत ने वैश्विक सेवा व्यापार में प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रदर्शित की है, दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में भारत की लगातार पहचान बढ़ी है। लेकिन अब सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भी सेवा निर्यात की हालत कमजोर रहने की आशंका है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी तथा युद्धजनित परिस्थितियों से वैश्विक व्यापार में कमी आएगी। निश्चित रूप से जिस तरह से ईरान-इस्रइल के बीच टकराव और दुनिया में भू-राजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ-साथ आपूर्ति संकट बढ़ने की चिंताएं मुंहबाएं खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

चूंकि इस समय विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं, तो यह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती है। लेकिन यह बात ध्यान में रखनी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में लगातार प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके आउटसोर्सिंग की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाने होंगे। खास तौर से आउटसोर्सिंग की नई संभावनाएं उत्तरी यूरोप, पूर्वी एवं मध्य यूरोप के देशों, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पूर्वी एशियाई देशों, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे देशों में और बढ़ गई हैं।

हम उम्मीद करें कि 4 जून के बाद गठित होने वाली देश की नई सरकार देश की नई पीढ़ी को आईटी की नये दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था को उच्च प्राथमिकता देते हुए दिखाई देगी। हमें नये दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पायथन वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक प्रोसेस, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा एनालिसिस, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाना होगा। निश्चित रूप से ऐसे बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

# जैव-विविधता : मंडरा रहे संकट के बादल

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने स्वाथरे तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ा, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।



वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनिया भर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षो से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।

वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलाप तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषिण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनिया भर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है।

दरअसल, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख-भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है।

हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक आश्रय स्थल के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव-विविधता के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल, 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव-विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव- विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं। धरती पर पेड़-पौधों की संख्या तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो।

दरअसल, बढ़ती आबादी तथा बढ़ते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रेतों तक को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन असंभव है। अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसान हितैषी पक्षी-पखेरू तेजी से लुप्त होने के कगार हैं, तो समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं। जैव-विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवन यापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

**-योगेश कुमार गोयल**



## आज का पंचांग

26 मई 2024 को ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि है। इस तिथि पर मूल नक्षत्र और साध्य योग का संयोग रहेगा। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो रविवार को अभिजीत मुहूर्त 11:54 -12:42 रहेगा। राहुकाल सुबह 17:26-19:09 मिनट तक रहेगा।

## आज का राशिफल



**मेष :** कार्य क्षेत्र में मन कम लगेगा. शरीर में आलस भरा रहेगा. राजनीति में रुचि बढ़ेगी. किसी कार्य में बनते बनते व्यवधान आ सकता है. व्यापार में भागदौड़ अधिक रहेगी. नौकरी में स्थानांतरण होने के योग है. किसी अनजान व्यक्ति पर अत्यधिक भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है. परिवार में कोई सुखद घटना घट सकती है.

**वृषभ :** कार्य क्षेत्र में अत्यधिक भाग दौड़ बनी रहेगी. यात्रा में अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें. राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व की सराहना होगी. नवीन उद्योग धंधे को लेकर परिजनों में वार्ता होगी. सरकारी नौकरी में आपकी ईमानदारी की सराहना होगी. लोग आपसे मित्रता करने को लालाइत रहेंगे. परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी.

**मिथुन :** नौकरी में पदोन्नति होने का शुभ समाचार मिलेगा. खेलकूद की दुनिया से जुड़े लोगों को उच्च सफलता मिलेगी. कार्य क्षेत्र में आपकी कार्यशैली चर्चा का विषय बन सकती है. राजनीति में आपको कोई महत्वपूर्णअभियान की कमान मिलने के योग हैं. यात्रा में नए मित्र बन सकते हैं. व्यापार में आपकी सूझबूझ लाभकारी सिद्ध होगी.

**कर्क :** कार्य क्षेत्र में कोई सहयोगी अकारण आपसे उलझ सकता है. आपको उनसे उलझने की बजाय बचाव का मार्ग तलाशना होगा. इसके लिए खुद को पहले से तैयार रखें. व्यापार में कठिन परिश्रम करना पड़ेगा. बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा. किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ेगा. राजनीति में विरोधी सक्रिय होंगे.

**सिंह :** कार्य क्षेत्र में कोई ऐसी घटना घट सकती है जिससे आपका वर्चस्व बढ़ेगा. कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी. व्यापार में आप अपनी सूझबूझ से अच्छी उन्नति प्राप्त करेंगे. नौकरी में आपको मनचाहे पद पर मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है. विद्यार्थी वर्ग अध्ययन में रुचि लेगा.

**कन्या :** राजनीति में आपको महत्वपूर्ण दायित्व मिलने के योग है. बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई दूर देश से शुभ समाचार प्राप्त होगा. शासन सत्ता का लाभ मिलेगा. विद्यार्थी को अध्ययन संबंधी कुछ चिंता बनी रहेगी. व्यापार में कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा.

**तुला :** दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी. किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभगिता करेंगे. व्यापार में लगन एवं समय बद्ध तरीके से कार्य करें. विभिन्न बाधाएं दूर होगी. राजनीति में नए सहयोगी बनेंगे. किसी अनजान व्यक्ति पर अत्यधिक भरोसा न करें. अन्यथा धोखा हो सकता है.

**वृश्चिक :** आपके साहस एवं पराक्रम के बल पर कोई जोखिम पूर्ण कार्य को करने में सफल होंगे. सामाजिक क्षेत्र में नई जान पहचान बनेगी. कार्य क्षेत्र में अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ अधिक तालमेल बनाने की कोशिश करें. व्यापार से जुड़े हुए व्यक्ति को अचानक लाभ होने के योग बनेंगे. कार्य क्षेत्र में कुछ विघ्न बाधाओं का सामना करना पड़ेगा.

**धनु :** बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को विदेश भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा. राजनीति में पद व प्रतिष्ठा बढ़ेगी. गीत, संगीत, नृत्य, कला, अभिनय आदि के क्षेत्र में ख्याति मिलेगी. नौकरी में उच्च अधिकारियों का वरदहस्त बना रहेगा. व्यापार में आय बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे.

**मकर :** घर परिवार में सुख सुविधा पर अधिक ध्यान रहेगा. किसी मनपसंद कीमती वस्तुओं को खरीद कर घर लाएंगे. जिस परिवार में खुशियों का संचार होगा. किसी व्यापारिक समस्या का समाधान शासन सत्ता में बैठे किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से दूर हो सकता है.

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में संलग्न लोगों को कार्य के प्रति अभिरुचि कम रहेगी. विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने हेतु घर से दूर जाना पड़ेगा. कार्य क्षेत्र में अपना मन लगाने का प्रयास करें. अन्यथा कार्य बिगड़ जाएगा. नौकरी में समय अधिक देने से प्रयास करें.

**मीन :** कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी से व्यर्थ वाद विवाद हो सकता है. कार्य क्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है. नौकरी में अनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है. राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच सकते हैं. परिवार में वाद विवाद गंभीर झगड़े का रूप ले सकता है.



# करियर चुनते समय भूलकर भी ना करें यह गलतियां

**करियर चुनते समय कुछ चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप इन चीजों का ख्याल नहीं रखती हैं तो आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।**

करियर चुनना एक ऐसा फैसला है जिस पर आपकी आने वाली जिंदगी निर्भर करती है। ऐसे में यह फैसला कभी भी जल्दबाजी या बिना जानकारी के ना लें। अगर आप ऐसा करती हैं तो आने वाला समय आपके लिए मुश्किलों से भरा हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि करियर का फैसला सोच समझकर लिया जाए। ऐसे में करियर चुनते समय निम्नलिखित गलतियों से बचने के लिए ध्यान देना काफी जरूरी है।

### प्रभावित होना

अक्सर लोग दूसरों के मत और प्रभावों के चलते करियर चुनते हैं। आपको अपनी प्राथमिकताओं, रुचियों और क्षमताओं के आधार पर चुनाव करना चाहिए, न कि दूसरों के प्रभाव में आकर। दूसरों का सुनना जरूरी है लेकिन जरूरी नहीं की आप उनकी हर बात को मानें।

### बाहरी दबावों को महत्व देना

अक्सर परिवार दबाव, सामाजिक प्रतीक्षाओं या प्रतिस्पर्धा के दबाव के चलते गलत करियर चुन लेते हैं। आपको खुद के आंतरिक आवश्यकताओं और योग्यताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दबावों मे आकर कोई भी गलत निर्णय ना करें। ऐसे में आपको आगे जाकर दिक्कत आ सकती हैं।

### अनधिकृत सलाह पर निर्भरता

करियर चुनते समय बहुत से लोग अनधिकृत या अयोग्य व्यक्तियों से सलाह लेते हैं। आपको केवल प्रामाणिक और विशेषज्ञ सलाहकारों की सहायता लेनी चाहिए। सलाह लेना जरूरी है लेकिन अपनी रूची के हिसाब से निर्णय लें। ताकि आपको आगे दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

### सिर्फ पैसे के लिए चुनाव

सिर्फ पैसे के लिए करियर को ना चुनें। पैसा होना जरूरी है लेकिन अगर आपका मन उस काम में नहीं लगता है लेकिन उस फिल्ड में पैसा अधिक है तो कभी भी ऐसा फील्ड का चुनाव अपने करियर के लिए ना करें।



# टैटू आर्टिस्ट के रूप में बनाना है करियर, तो इन स्किल्स पर करें फोकस



**आज के समय में लोग टैटू बनवाना काफी पसंद करते हैं, इसलिए अच्छे टैटू आर्टिस्ट की डिमांड काफी बढ़ गई है। हालांकि, एक सक्सेसफुल टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए आपमें कुछ स्किल्स होने बेहद जरूरी हैं।**

वो जमाने लद गए, जब लोग केवल कुछ ही फील्ड में अपना करियर देखते थे। आज के समय में लोग कई अलग-अलग फील्ड में अपना करियर बना रहे हैं। क्रिएटिव फील्ड में एक्सपर्ट की डिमांड काफी बढ़ने लगी है। इन्हीं में से एक है टैटू आर्टिस्ट की फील्ड। आज के समय में लोगों में टैटू बनवाने का क्रेज बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जिसके कारण वे एक अच्छे टैटू आर्टिस्ट को ढूंढते हैं। यही कारण है कि टैटू आर्टिस्ट की फील्ड में करियर ऑप्शन भी बहुत अच्छे हैं।

यह एक ऐसी फील्ड है, जिसमें आपकी किताबी पढ़ाई काम नहीं आती है, बल्कि आपके स्किल्स ही आपको आगे लेकर जाते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि एक अच्छा टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए आपका क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। लेकिन सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। अगर आप एक टैटू आर्टिस्ट के रूप में अपना करियर देख रहे हैं तो ऐसे में आपमें कुछ स्किल्स होने भी बेहद जरूरी हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### होने चाहिए आर्टिस्टिक स्किल्स

किसी भी टैटू आर्टिस्ट के लिए बेहद ही जरूरी है कि उसमें आर्टिस्टिक टैलेंट जरूर हो। अगर आपकी ड्राइंग या आर्टिस्टिक स्किल्स अच्छे नहीं होते हैं तो ऐसे में आप अपने क्लाइंट को अच्छे रिजल्ट नहीं दे सकते हैं। आपके भीतर डिजाइन से लेकर शेडिंग और कलर थ्योरी आदि की जरूर समझ होनी चाहिए। यह आर्टिस्टिक स्किल्स ही होते हैं, जो किसी क्लाइंट के आइडियाज को एक टैटू डिजाइन के रूप में उकेरते हैं।



### स्किन की होनी चाहिए समझ

अगर आप एक बेहतरीन टैटू आर्टिस्ट बनना चाहते हैं तो आपको स्किन की भी समझ होनी चाहिए। जिससे आप टैटू ठीक तरह से बना सके और किसी तरह की परेशानी ना हो। एक टैटू आर्टिस्ट के रूप में आपको यह जानने की जरूरत है कि सुई को त्वचा में कितनी गहराई तक घुसाना है या फिर अलग-अलग तरह की स्किन पर टैटू प्रोसेस किस तरह से इफेक्ट करेगा। साथ ही साथ, टैटू बनवाने से पहले और बाद में स्किन की सही तरह से देखभाल किस तरह की जाए।

### इमेजिनेशन पावर हो बेहतर

आज के समय में लोग टैटू में कस्टम डिज़ाइन बनवाना काफी पसंद करते हैं। ऐसे में टैटू आर्टिस्ट के लिए एक परफेक्ट टैटू डिजाइन बनाने के लिए क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। अगर टैटू आर्टिस्ट की इमेजिनेशन पावर अच्छी होगी तो वह अपने क्लाइंट की जरूरतों को समझकर एक यूनिक डिजाइन क्रिएट कर पाएगा।

### बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स

टैटू आर्टिस्ट का काम सिर्फ टैटू डिजाइन बनाना ही नहीं होता है, बल्कि उन्हें अलग-अलग तरह के क्लाइंट्स से भी डील करना होता है। उनकी जरूरतों व इच्छाओं को समझकर उन्हें सजेशन देना होता है। साथ ही साथ, ऐसे डिजाइन का क्रिएट करना होता है, जो उनकी इच्छा के अनुरूप हो। हालांकि, ऐसा केवल तभी संभव है, जब टैटू आर्टिस्ट के कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर हो। इतना ही नहीं, अपने कम्युनिकेशन स्किल्स के चलते वह क्लाइंट्स को बार-बार सर्विस भी दे सकता है।



# घर बैठे कमाने हैं पैसे तो ये करियर ऑप्शन हैं बेस्ट

**अगर आप शादी के बाद घर संभालने के साथ-साथ जॉब करना चाहती हैं, तो हम आपको बताएंगे कि आप कौन-कौन से करियर ऑप्शन चुन सकती हैं और घर बैठे पैसे कमा सकते हैं।**

आज के समय में कई महिलाएं अपने परिवार और घर की देखभाल के साथ-साथ घर बैठे ही पैसे कमाना चाहती हैं। ऐसे में अगर आप भी घर बैठे नौकरी करके पैसे कमाना चाहती हैं, तो ये करियर ऑप्शन आपके लिए बेस्ट होंगे। इनके जरिए आप अच्छे पैसे कमा सकती हैं।

### सोशल मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सोशल अकाउंट और चैनल को सही तरीके से मैनेज करते हैं। अगर आपको सोशल मीडिया से जुड़े रहना पसंद है और आप उससे जुड़ी हुई चीजों को बेहतर तरह से समझना चाहती हैं, तो यह करियर ऑप्शन आपके लिए परफेक्ट साबित हो सकता है। सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी को आगे ले जाने के लिए नए-नए तरीके अपनाते रहते हैं, ताकि कंपनी की अच्छी छवि को बनाया रखा जा सके।

### ऑनलाइन टीचर

इस आधुनिक जमाने में हर चीज ऑनलाइन हो रही है, जिसकी वजह से बहुत से लोग ऑनलाइन टीचिंग से पैसे कमाने के तरीके ढूंढ रहे हैं। ऑनलाइन टीचर बनकर आप अच्छे पैसे कमा सकती हैं। आप मैथ्स और साइंस के साथ में जेईई मेंस, नीट, निफ्ट आदि से जुड़े हुए कोर्स आप पढ़ा सकती हैं। आप ऑनलाइन टीचिंग के लिए खुद को रजिस्टर कर सकती हैं। आप ऑनलाइन टीचिंग के लिए मेरिटनेशन, चैग इंडिया या अनअकैडमी वेबसाइट पर रजिस्टर कर सकती हैं।

### वर्चुअल असिस्टेंट

इसमें कोई शक नहीं कि तकनीक ने काम को कुशलता के साथ पूरा करने और इनोवेटिव तरीके से लक्ष्य हासिल करने के नए तरीके सामने रखे हैं। वर्चुअल असिस्टेंट, कंपनियों को उनके अलग-अलग कामों में मदद करते हैं और अच्छे पैसे कमाते हैं। इस काम से आप हर घंटे 500 से 4000 रुपये तक की कमाई कर सकती हैं। वर्चुअल असिस्टेंट के कई काम होते हैं। इसमें आपको कंपनी के ऑर्डर पर नजर रखना, कंपनी के पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाना, बिजनेस डॉक्यूमेंट्स बनाना आदि शामिल होते हैं। इसके लिए आपको थोड़ी ट्रेनिंग की भी जरूरत पड़ सकती है।



# बनाना चाहते हैं बिजनेस में करियर? यहां से ले सकते हैं मदद



**अगर आपको भी बिजनेस में अधिक रुचि है, तो आप भी बिजनेस एनालिटिक्स में अपना करियर बना सकते हैं। इसके लिए यहां हम कुछ कोर्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपके लिए काम की हो सकती है।**

आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में बिजनेस एनालिटिक्स के क्षेत्र में मांग लगातार बढ़ रही है। हर इंडस्ट्री और कंपनियों को एक्सपर्ट्स की तलाश रहती है, जो उन्हें बेहतर स्ट्रैटेजिक सॉल्यूशन दे सके।

दरअसल, बिजनेस एनालिटिक्स का काम फैक्ट्स और उपलब्ध डेटा का अच्छी तरह विश्लेषण कर कंपनी के लिए बिजनेस संबंधित नीतियां तैयार करना है।

जो भी पढ़ाई करने के बाद अगर टेक्निकल स्किल की ओर अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो वह बिजनेस एनालिटिक्स का कोर्स कर सकते हैं। इसकी डिमांड भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आप बिजनेस की तरफ अपना रुख कर सकती हैं। इससे आपको विदेशों में भी नौकरी पाने का मौका मिल सकता है। इसी के साथ आइए कोर्स और जॉब प्रोफाइल आदि के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### कब कर सकते हैं बिजनेस संबंधित कोर्स?

कंप्यूटर साइंस स्ट्रीम के साथ बी.टेक या बी.ई कोर्स करने के लिए उम्मीदवार का फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ के साथ 12वीं में पास होना अनिवार्य है। इसके लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं या स्नातक होना अनिवार्य है। इसके अलावा, 12वीं में इंग्लिश एक अनिवार्य विषय के रूप में होना चाहिए। साथ ही, कैंडिडेट को अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं का ज्ञान होना जरूरी है। अगर आप में ये सभी योग्यता है, तो आप करियर के लिहाज से बिजनेस एनालिस्ट का चयन कर सकती हैं।

### बिजनेस एनालिस्ट में टॉप कोर्स

- सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बिजनेस एनालिटिक्स
- बीबीए इन बिजनेस एनालिसिस
- एश्योरेंस एनालिटिक्स फॉर मैनेजमेंट
- बैचलर इन कम्प्यूटेशनल बिजनेस एनालिटिक्स
- पीजीपी इन बिजनेस एनालिटिक्स
- एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स
- बिजनेस एनालिस्ट में सर्टिफिकेशन
- सीएफए (चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट)
- एफआरएम (फाइनेंशियल रिस्क मैनेजर) सर्टिफिकेट
- PMI-प्रोफेशनल्स इन बिजनेस एनालिसिस सर्टिफिकेट
- आईआईबीए एजाइल एनालिसिस सर्टिफिकेशन
- IREB-सर्टिफाइड प्रोफेशनल फॉर रिक्वायरमेंट्स इंजीनियरिंग
- प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन (एमबीए इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट)
- IIBA सर्टिफिकेशन ऑफ कॉम्पिटेंसी इन बिजनेस एनालिसिस

### भारत में बिजनेस एनालिटिक्स के लिए टॉप संस्थान

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद, गुजरात
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- वीजीएसओएम, खड़गपुर, पश्चिम बंगाल
- एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, झारखंड
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर, मध्य प्रदेश
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, शिलांग, मेघालय
- इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस, हैदराबाद
- एनआईटी त्रिची, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर, कर्नाटक
- एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे

युवराज सिंह के बाद...

## शाहिद आफरीदी भी बने टी20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद आफरीदी को टी20 विश्व कप का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शाहिद अफरीदी इस मेगा इवेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर्स की लिस्ट में टी20 के दिग्गज युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता धावक उसेन बोल्ट के साथ शामिल हो गए हैं। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में बताया, छह टी20 विश्व कप खेलने का अनुभव, जिनमें से दो में कप्तानी संभालने वाले शाहिद आफरीदी का



प्रदर्शन शानदार रहा। आफरीदी ने लॉर्ड्स में फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ पाकिस्तान की 2009 की जीत का नेतृत्व किया। उनका अनुभव और विश्व कप में प्रदर्शन सराहनीय है। आफरीदी ने कहा कि वह टी20 विश्व कप का हिस्सा बनकर खुश हैं और 9 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आफरीदी ने कहा, मैं 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। यह खेल में महान प्रतिद्वंद्विता में से एक है और न्यूयॉर्क दो महान टीमों के बीच इस अविस्मरणीय मुकाबले के लिए एक उपयुक्त मंच होगा। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप एक ऐसा आयोजन है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। उद्घाटन संस्करण में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने से लेकर 2009 में ट्रॉफी जीतने तक, मेरे करियर के कुछ पसंदीदा आकर्षण इस मंच पर प्रतिस्पर्धा करने से आए हैं।

# सुनील छैत्री रिटायरमेंट

कोच स्टिमैक ने जताई उम्मीद

- **कहा- छेत्री के आखिरी मैच में खचाखच भरा रह सकता है मैदान**




**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को उम्मीद है कि छह जून को कोलकाता का सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रह सकता है। उस दिन भारत को कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालिफिकेशन मैच खेलना है, जो करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। स्टिमैक को उम्मीद है कि पूरे देश से दर्शक छह जून को सॉल्ट लेक स्टेडियम में जुटेंगे।

कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के चमकदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। इस दौरान उन्होंने 150 मैचों में 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने। वह अपने विदाई मैच के बाद 151 मैच से भारत के सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी होंगे। कुवैत के खिलाफ मैच में जीत से भारत इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। स्टिमैक ने कहा- इस मैच की अहमियत को देखते हुए जिसमें हम पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालिफाई करने से महज एक जीत दूर होंगे और यह सुनील छेत्री का विदाई मैच भी होगा तो हम उम्मीद करते हैं कि सॉल्ट लेक स्टेडियम खचाखच भरा होगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि फैंस देश के हर हिस्से से कोलकाता पहुंचेंगे और हमारे खिलाड़ियों को मैच जीतने में मदद करेंगे। साथ ही सुनील छेत्री को शुक्रिया और अलविदा कहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि यह काफी भावनात्मक पल होगा और उम्मीद करते हैं कि हम मैच खत्म होने के बाद फैंस के लिए कुछ खास करेंगे। टीम करीब दो हफ्तों से ट्रेनिंग कर रही है और 29 मई को कोलकाता पहुंचेगी। मुख्य कोच ने कहा- खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। यह कई बार साबित हो चुका है कि लंबा शिविर हमेशा हमारे लिए मददगार रहा है। हम खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिसमें डिफेंड करना और काउंटर अटैक भी शामिल है।

# हम फाइनल का लक्ष्य लेकर ही उतरे थे : कमिंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैट कमिंस की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने इतिहास दोहराते हुए 2018 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बना ली। अब उनका 26 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स से मुकाबला होगा। हैदराबाद ने चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला गया क्वालिफायर 2 मुकाबला 36 रन से जीता। हैदराबाद ने पहले खेलते हुए हेनरिक क्लासेन के अर्धशतक की बदौलत 175 रन बनाए थे जवाब में राजस्थान की टीम 139 रन ही बना पाई। फाइनल में पहुंचने के बाद कमिंस ने टीम के बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने जिस तरह से खेला, उसमें आपने देखा है। फाइनल ही लक्ष्य था और हमने इसे हासिल कर लिया है।



### तीसरी बार फाइनल में पहुंची हैदराबाद

हैदराबाद अब तक तीन बार आईपीएल फाइनल में पहुंच चुकी है। हैदराबाद ने 2016 में आरसीबी को हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। इसके बाद 2018 में वह एक बार फिर से फाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इस सीजन में हैदराबाद की कप्तानी केन विलियमसन के हाथ में थी। लेकिन अब 2024 सीजन में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैदराबाद को फाइनल में ले गए हैं। कमिंस अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, वनडे विश्व कप जीत चुके हैं। अब भारत की धरती पर उनकी नजरें आईपीएल फाइनल पर टिकी हुई हैं।

## भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने गोल्ड, मिक्स्ड टीम ने जीता सिल्वर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे वर्ल्ड कप स्टेज-2 कंपाउंड आर्चरी में भारतीय महिला टीम को गोल्ड और मिक्स्ड टीम में सिल्वर मेडल मिला है। शनिवार को हुए विमेंस फाइनल में भारतीय टीम ने तुर्की को हराया, जबकि मिक्स्ड टीम को अमेरिका से हारा का सामना करना पड़ा। विमेंस फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजर और बेगम की तिकड़ी को 232-226 से हराया।

**भारतीय तिकड़ी का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड-** भारतीय तिकड़ी का यह वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड है। इससे पहले इस तिकड़ी ने इसी साल की शुरुआत में शंघाई में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-1 में इटली को हरा कर गोल्ड जीता था। इससे पहले पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भी गोल्ड जीता था।

# नताशा से तलाक हुआ तो कंगाल हो जाएंगे पंड्या!





देना पड़ सकता है प्रोपर्टी का इतना हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहावत है कि बिना के आग के कहीं धुआं नहीं उठता है... ऐसा ही कुछ इन दिनों भारतीय क्रिकेट हार्दिक पंड्या को लेकर चल रहा है। हार्दिक पंड्या और उनकी सर्बियाई पत्नी नताशा स्टेनकोविच के रिश्ते में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है ऐसी अफवाहें हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि दोनों अलग हो सकते हैं। कुछ बातों ने इन अफवाहों को हवा दी है। पहली बात तो यह कि नताशा ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'पांड्या' सरनेम को हटा दिया। दूसरी बात यह कि नताशा पहले हर मैच में हार्दिक को चीयर करने स्टेडियम आती थीं, लेकिन हाल ही में उन्हें नहीं देखा गया। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर हार्दिक और नताशा को लेकर यह अनुमान लगाया जा रहा कि दोनों एक दूसरे से अलग हो चुके हैं।

यूरोप टूर

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन, स्थानीय डच क्लब से हारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 495 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित ( 18वां मिनट ), सौरभ आनंद कुशवाह ( 24वां मिनट ), अंकित पाल ( 32वां मिनट ) और अर्शदीप सिंह ( 58वां मिनट ) ने भारत के लिए गोल दागे। मेजबान क्लब ने हालांकि आक्रामक शुरुआत करके पहले ही मिनट में गोल दाग दिया और दूसरे मिनट में बढ़त दोगुनी कर ली। भारत को दूसरे क्वार्टर में पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर रोहित ने गोल किया। भारत की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी क्योंकि डच क्लब ने फिर पेनॉल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया।

## व्यापार

## यूनियन बैंक ने लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में किया 250 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने हैदराबाद रियल्टी कंपनी की लग्जरी हाउसिंग परियोजना में 250 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस मामले से जुड़े दो लोगों ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने हैदराबाद स्थित डेवलपर नवनामी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के लग्जरी हाउसिंग परियोजना के लिए ये इनवेस्टमेंट किया है। कंपनी की परियोजना का नाम द मेगालियो है। यह प्रोजेक्ट 10 लाख वर्ग फुट से ज्यादा के एरिया में फैला होगा। इसके लिए करीब



800 से 900 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। बैंक से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल रियल्टी फर्म की ओर से निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए किया जाएगा। वहीं बाकी का काम बिक्री से मिलने वाली रकम के जरिए किया जाएगा। यह करीब 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा।

नवनामी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक नवीन गड्डे के मुताबिक, वह बैंक को साथ लाने में सफल रहे हैं, जो निर्माण के शुरुआती चरणों में उनकी मदद करेगा। भूमि की इस जगह ने उन्हें सुपर लग्जरी अपार्टमेंट बनाने की योजना में मदद की है। वहीं क्वालिटी में कोई कमी न हो इसके लिए वैश्विक आर्किटेक्ट को बुलाया गया है। बता दें कि दक्षिण भारत के बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई शहरों में पिछले पांच सालों में कुल मिलाकर बिके बिना रह गए फ्लैटों की संख्या में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है। दक्षिण भारत में अनबिके मकानों की अपेक्षाकृत कम संख्या का कारण हैदराबाद में नए लॉन्च होने वाली परियोजनाओं की अधिकता है, खासकर पिछले दो सालों में। शहर में पिछले 5 वर्षों में आवास स्टॉक लगभग चार गुना बढ़ गया है।

## प्रिकोल लिमिटेड के शेयरों ने निवेशकों को दिया 1200 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑटोमोबाइल सेक्टर के बिजनेस से जुड़ी एक कंपनी ने बीते कुछ सालों में अपने ग्राहकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। यह कंपनी प्रिकोल लिमिटेड है। बता दें कि प्रिकोल लिमिटेड के शेयरों ने निवेशकों को पिछले 1 साल में करीब 100 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। जबकि यह मल्टीबैगर शेयर अपने निवेशकों को पिछले 5 साल में 1200 पर्सेंट से अधिक का बंपर रिटर्न दिया है। बता दें कि बीते फाइनेंशियल ईयर 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे में कंपनी को मुनाफा हुआ है। हालांकि,



कंपनी के शेयर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 24 मई, शुक्रवार को 0.44 पर्सेंट की गिरावट के साथ 452.25 रुपये पर बंद हुए।

दूसरी ओर अगर प्रिकोल लिमिटेड के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो ब्रोकरेज फर्म मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल ने स्टॉक के लिए हाल में ही टारगेट प्राइस को 465 रुपये से बढाकर 500 रुपये कर दिया है। इसका मतलब हुआ कि ब्रोकरेज को स्टॉक में 11 पर्सेंट की बढ़ोतरी की संभावना दिख रही है। इसके अलावा, एक्सचेंज फाइलिंग को दी गई जानकारी के अनुसार प्रिकोल लिमिटेड ने जनवरी-मार्च 2024 में समाप्त तिमाही के लिए 41.50 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड प्रॉफिट हुआ है। जबकि कंपनी का नेट प्रॉफिट इस दौरान 140.61 करोड़ रुपये रहा।

अगर कंपनी के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो कल यानी 24 मई को स्टॉक 454.40 रुपये पर ओपन हुए। वहीं, इंट्राडे ट्रेड के दौरान कंपनी के शेयर 461.50 रुपये तक पहुंचे।

## लैब में तैयार हो रहे हीरे की कीमतें गिरीं

**मुंबई , एजेंसी।** सिंथेटिक डायमंड या यों कहें कि एलजीडी की कीमतें लगातार नीचे आ रही हैं। लेकिन इसके बाद भी ग्राहक ज्यादा कीमतें चुका रहे हैं। ग्लोबल मार्केट्स में ओवरप्रोडक्टशन के कारण एफवाय24 में इंडियन लैब ग्रोन डायमंड की कीमतों में 45 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन ज्यादा कीमत बाजार में वसूली जा रही है। उन्मेदमल त्रिलोकचंद झवेरी के प्रमुख कुमार जैन के मुताबिक, गोल्ड महंगा होने से लोगों का एलजीबी की ओर थोड़ा आकर्षण बढ़ा है। लोगों को लग रहा है कि उन्हें अच्छी डील मिल रही है। लेकिन ऐसा नहीं है। सिंथेटिक डायमंड की ट्रेड 99 पर्सेंट के लो पर हो रही है। इसकी कीमतों का कोई फिक्स



पैमाना नहीं है। इसकी वजह से बड़े जूलरी कारोबारी अभी इससे दूर हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि नेचुरल डायमंड की तुलना में एलजीडी बहुत सस्ते होते हैं। यह वैसे ही दिखते भी हैं। अमेरिका जैसे बाजारों में इनकी ज्यादा बिक्री होती है। भारत में सरकारी प्रोत्साहन के चलते सेल्स जोर पकड़ रही है। हालांकि कुछ इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि कुछ जूलर्स इसलिए भी लैब ग्रोन को पुश कर रहे हैं, जिससे बड़ा प्रॉफिट मार्जिन पाया जा सके।

# महीने में 25,000 कमाते हैं तो भी बन सकते हैं करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 25 हजार रुपये के मासिक वेतन के साथ 1 करोड़ रुपये की बचत करना मुश्किल लग सकता है। लेकिन, इस लक्ष्य को लंबे समय तक नियमित निवेश के जरिये हासिल किया जा सकता है। इस फाइनेंशियल टारगेट को पाने के लिए एक साफ-सुथरा प्लान रेडी रखना जरूरी है। 1 करोड़ रुपये की बचत का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद अगला कदम सबसे सही निवेश विकल्प तलाशना होगा। इक्विटी (शेयर) निवेश ने ऐतिहासिक रूप से डेट इंस्ट्रूमेंट्स (एफडी या बॉन्ड) के मुकाबले अधिक रिटर्न दिया है। इक्विटी में जोखिम अधिक होता है। यह और बात है कि वह आकर्षक साबित हुआ है। उसमें लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता है। विश्लेषण के अनुसार, जब आप 1 करोड़ रुपये जैसी बड़ी राशि जमा करना चाहते हैं तो सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी के जरिये





इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करना सही है। जब आप म्यूचुअल फंड एसआईपी का विकल्प चुनते हैं तो आप नियमित रूप से एक निश्चित राशि निवेश करने के लिए राजी होते हैं। आमतौर पर हर महीने। भले ही आप एक छोटे से निवेश से शुरुआत करें, लेकिन कंपाउंडिंग और रुपया-लागत औसत के लाभ आपको लंबे समय में पर्याप्त राशि जमा करने में मदद करते हैं।

### 1 करोड़ रुपये जुटाने का तरीका क्या है

अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा एसआईपी में निवेश करने की सलाह नहीं दी जाती है। इसके बजाय दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के लिए अपने मासिक वेतन का 15-20 फीसदी लगातार बचाना महत्वपूर्ण है। अगर आप कम राशि का निवेश करते हैं तो आपको अपना लक्ष्य प्राप्त करने में अधिक समय लगेगा। ऐसे में आप अगर 12 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न वाली इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में हर महीने 4,000 रुपये निवेश करते हैं तो आपको 1 करोड़ रुपये जमा करने में 28 साल (339 महीने) से थोड़ा ज्यादा समय लगेगा। हमारे सहयोगी नेटवर्क इकनॉमिक टाइम्स के विश्लेषण के अनुसार, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप बिना किसी रुकावट के लगातार निवेश करते हैं या नहीं।



# सारा अली खान ने जान्हवी से छीनी थी यह फिल्म?



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर फिलहाल अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस क्रिकेट ड्रामा में वह राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रमोशन में काफी तत्परता से जुटी हुई हैं। अब हाल ही में, जान्हवी से पूछा गया कि उन्हें एक फिल्म में सारा अली खान के साथ रिप्लेस कर दिया गया था। आइए जानते जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। अब हाल ही में, एक साक्षात्कार में जब जान्हवी से पूछा गया कि एक फिल्म से निकाल दिया गया था क्योंकि आपने लोगों को बताया था कि आप इसका हिस्सा हैं। यह सुनने के बाद, जान्हवी ने कहा कि अब किसी और ने यह फिल्म कर ली है और यह सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह सारा अली खान थीं, तो जान्हवी ने सकारात्मक जवाब दिया। बता दें कि रिपोर्ट्स में कहा गया था कि जान्हवी को सिम्बा से निकाल दिया गया था और उनकी जगह सारा अली खान को लिया गया था। बता दें कि एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इसके पीछे का कारण यह था कि जान्हवी ने पहले ही रणवीर सिंह के साथ काम करने के बारे में बात करना शुरू कर दिया था , जबकि उन्हें कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार ऐसा करने से मना किया गया था। सिम्बा साल 2018 में सारा अली खान की डेब्यू केदारनाथ के समान महीने में रिलीज हुई थी। उससे कुछ महीने पहले, जान्हवी ने धड़क के साथ अपनी शुरुआत की थी, जिसे धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा भी निर्मित किया गया था। 'गुंजन सक्सेना' फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने वाले निर्देशक शरण शर्मा ने 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का निर्देशन किया है। 'मिस्टर एंड मिसेज' राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की एक साथ दूसरी फिल्म है।



# मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है

एक्ट्रेस नेहा शर्मा जल्द ही अक्षय ओबेरॉय के साथ इल्लीगल के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह ऐसे कई लोगों को जानती हैं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें इस तरह से बड़ा किया कि वह चीजों के बुरे और अच्छे की पहचान कर सकती हैं। सीजन-3 के बारे में बोलते हुए नेहा ने कहा, इस सीजन में निहारिका एक नए रूप में नजर आएंगी। बेशक, आपको अभी भी पुरानी निहारिका की झलक दिखेगी, लेकिन, अब जब उन्होंने पुनीत के साथ अपनी खुद की कंपनी बनाई है, तो वह बदल गई हैं। हम उनमें और जेजे (जनार्दन जेटली) के बीच कुछ ऐसी चीजें देखते हैं, जो दोनों में एक जैसी हैं। दोनों के लक्ष्य बदल गए हैं। वह इस सीजन में कई दिलचस्प मामले उठाती है, जो सभी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं ऐसे माहौल में पली-बढ़ी हूं, जिन्होंने मेरी अच्छे और बुरे की पहचान को बढ़ाया है। मैं ऐसे कई लोगों को जानती हूं, जो बीच की राय रखते हैं, लेकिन, मेरे माता-पिता ने मुझे इस तरह बड़ा किया कि मैं चीजों को या तो अच्छा या फिर बुरे के रूप में पहचान सकती हूं। मैं इस सीजन में निहारिका से खुद को जोड़ नहीं पा रही हूं, क्योंकि वह बहुत बार ऐसे जोन में चली जाती है, जिनकी बीच की राय है। हालांकि, मैं निहारिका के कैरेक्टर के लिए हमारे लेखकों और निर्देशक की मंशा को समझती हूं और इसे जरुरी मानती हूं। कोर्टरूम ड्रामा सीरीज ने हाल ही में अपना ट्रेलर जारी किया। नेहा एक महत्वाकांक्षी वकील निहारिका की भूमिका निभाती हैं, जिसने हाल में अपनी खुद की फर्म खोली है। उसका लक्ष्य दिल्ली में सबसे अच्छा वकील बनना है। इल्लीगल 3 29 मई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर रिलीज होगी।



# लव पर स्क्वायर फुट से मशहूर हुई अंगिरा धर



अंगिरा धर आज अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। अंगिरा ने चैनल वी के साथ टीवी प्रोडक्शन में अपना करियर शुरू किया, उन्होंने सहायक फिल्म निर्देशक के रूप में कैमरे के पीछे भी काम किया। अंगिरा ने 2013 में अरुणोदय सिंह के साथ एक बुरा आदमी से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की अंगिरा को 2015 में सफलता मिली, जब उन्होंने वाई-फिल्म्स की वेब सीरीज बैंग बाजा बारात में अली फजल के साथ काम किया।

अंगिरा ने 2018 की फिल्म लव पर स्क्वायर फुट में विक्की कौशल के साथ एक बैंक कर्मचारी की भूमिका निभाई। यह बॉलीवुड की पहली फिल्म थी, जो सीधे तौर पर ओटीटी पर रिलीज हुई थी, वे सास, बहू और फ्लेमिंगो में नजर आईं।



# बेबी जॉन के लिए नो ऑन-स्क्रीन किस पॉलिसी तोड़ेंगी कीर्ति सुरेश?

कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कीर्ति अपने को-एक्टर वरुण धवन के साथ एक हॉट सीन के लिए लिप-लॉक करती नजर आएंगी। कीर्ति सुरेश की नो-ऑन-स्क्रीन किस पॉलिसी है, जिसके लिए उन्होंने अतीत में कई फिल्मों को अस्वीकार कर दिया है। वहीं अब ऐसी खबरें हैं कि बेबी जॉन के लिए कीर्ति अपनी नो किस पॉलिसी तोड़ने वाली हैं और इंटीमेट सीन्स शूट करेंगी। कहा जा रहा है कि स्क्रिप्ट की मांग के अनुसार कीर्ति इस सीन को करने के लिए तैयार हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ, वामीका गब्बी, सान्या मल्होत्रा और अन्य जैसे महत्वपूर्ण कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# कई कलाकारों को बॉलीवुड में एंट्री दिला चुके हैं करण जौहर



करण जौहर बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक और निर्माता हैं। करण, आज अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका जन्म 25 मई, 1972 को मुंबई में हुआ था। इंडस्ट्री में उन्हें केजो कहकर बुलाया जाता हैं। करण अपनी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी धर्मा प्रोडक्शनस से कई कलाकारों को बॉलीवुड में एंट्री दिला चुके हैं। केजो दो बच्चों के पिता भी हैं, जिनके नाम यश और रूही हैं। करण जौहर ने अब तक के अपने करियर में कई ऐसी फिल्मों का निर्माण किया हैं, जो दर्शकों को रुला देती हैं। इनमें कभी खुशी कभी गम, कुछ कुछ होता है, कभी अलविदा ना कहना और माई नेम इज खान शामिल हैं। इन सभी फिल्मों को दर्शक आज भी पसंद करते हैं और देखते-देखते उनकी आंखे भीगने लगती हैं। करण के निर्देशन में बनी पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी। करण जौहर ने अपने करियर की शुरूआत साल 1989 में दूरदर्शन पर आने वाले टीवी सीरियल इंद्रधनुष से की थी, जिसमें उन्होंने श्रीकांत का किरदार निभाया था। करण आज भी टीवी इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। हालांकि, अब वो टीवी शो में अभिनय करने के बजाय उनमें जज बनकर बनते हैं। केजो अब तक झलक दिखला जा, दिल है हिंदुस्तानी, इंडियाज गोट टैलेंट, से शावा शावा और इंडियाज नेक्स्ट सुपरस्टार्स शो के जज बन चुके हैं। इसके अलावा वो लोकप्रिय शो कॉफी विद करण को होस्ट भी करते हैं। अगर आप करण जौहर की शुरुआती फिल्मों पर नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उनका नाम क अक्षर से शुरु होता है। हालांकि, बाद की फिल्मों में उन्होंने ऐसा करना बंद कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केजो लगे रहो मुन्नाभाई से काफी प्रभावित हुए थे। राजकुमार हिरानी की इस फिल्म में न्यूमैरोलॉजी की आलोचना की गई थी। नंबर की बात आई है तो आपको बता दें कि करण जौहर रईसी के मामले में भी कम नहीं हैं।

# बॉलीवुड में डेब्यू करना किसी सपने के सच होने जैसा है

थ्रिलर ड्रामा के साथ फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ने बताया कि फिल्म के लिए रोल पाना जबरदस्त एक्सपीरियंस था। निमृत ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी शो छोटी सरदारनी से की थी। वह कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 16 में भी नजर आई थीं और फिलहाल वह खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन के लिए रोमानिया रवाना हो गई हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म, जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है, अजय राय के प्रोडक्शन हाउस, जार पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। निमृत ने कहा, बिग बॉस सीजन 16 में अपनी जर्नी के बाद, मैं अपने एक्टिंग करियर में नए रास्ते तलाशने के लिए काफी एक्साइटेड हूं, और यह प्रोजेक्ट सही अवसर पेश करता है। ऐसी टैलेंटेड टीम और मशहूर डायरेक्टर के साथ काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मेरे एजेंट ने अजय से मिलवाया और उन्होंने इस रोल के लिए मुझे चुना। कई राउंड ऑडिशन होने के बाद, उन्हें यकीन हो गया कि मैं उनकी फिल्म में बड़े पर्दे पर डेब्यू के लिए बिल्कुल सही हूं। फिल्म में रोल मिलना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस है। अनटाइटल्ड थ्रिलर ड्रामा अलग सिनेमाई एक्सपीरियंस देता है। फिल्म की कहानी और कलाकारों के बारे में जानकारी अभी भी गुप्त रखी गयी है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने वाली है।



# लोगों को थिएटर में लाना है, तो उनकी कहानी और नायक दिखाने होंगे

**बॉलीवुड में तीन दशक लंबा करियर, तीन नेशनल अवॉर्ड और 100 फिल्में, किसी भी कलाकार के लिए ऐसा शानदार सफर किसी खूबसूरत सपने से कम नहीं होगा। इंडस्ट्री के बेहतरीन एक्टर्स में से एक मनोज बाजपेयी इस सपने को हकीकत में तब्दील कर चुके हैं। अपनी 100वीं फिल्म भैया जी में एक अलग ही अवतार में पर्दे पर नजर आने वाले मनोज बाजपेयी से खास बातचीत -**

**बॉलीवुड में तीन दशक लंबा सफल करियर, तीन नैशनल अवॉर्ड और सौवीं फिल्म, अपने इस सफर को आप कैसे देखते हैं? और इससे कितने संतुष्ट हैं?**

मैं हमेशा संतुष्ट महसूस करता हूं क्योंकि संतुष्टि आपको अपने काम से आती है और जिस तरह की फिल्में मैंने चुनी, जिन फिल्मों में काम किया, उनमें बहुत कम ऐसी हैं जिनमें मैं चूक गया। वरना ज्यादातर फिल्में बहुत अच्छी थीं, वो चलीं या नहीं चलीं उससे फर्क नहीं पड़ता। उसमें काम बहुत ईमानदारी से किया है और उसमें बहुत सी फिल्में बहुत आगे तक गईं। यह मेरे लिए भी बहुत बड़ी बात है, क्योंकि इतना बड़ा सपना तो मैंने देखा ही नहीं था कि 100 फिल्में कर लूंगा, लीड रोल करूंगा। हमारा सपना तो बस ये था कि अच्छा एक्टर बनना है और एक एक्टर के तौर पर रोज़ी रोटी कमाना है। यह मेरे अपने लिए बहुत अनोखी घटना है। मैं खुद ही विश्वास नहीं कर पाता कि मैं यहां तक पहुंच गया।

**आपने अमिताभ बच्चन की जंजीर जैसी मेनस्ट्रीम फिल्म देखकर एक्टर बनने का सपना देखा था। फिर आपका झुकाव कंटेंट वाले सिनेमा की ओर कैसे हुआ?**

मैंने सिनेमा को हमेशा कला के माध्यम के रूप में देखा है। मैंने उसे कभी सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं माना। मेरे लिए कहानी सर्वोपरि है। कला का काम है कि वह आपकी संवेदनाओं को छू जाए, आपको कुछ सिखा जाए, आपको जीवन के प्रति एक नया नजरिया दे, इसलिए मेरी फिल्मों के चुनाव भी इस तरह के रहे हैं। मनोरंजन के तौर पर जो फिल्में मैंने बचपन में देखी थीं, प्रोफेशनल एक्टर बनने के बाद कभी मेरे मन में नहीं आया कि मैं उस तरह की फिल्मों का हिस्सा बनूं। जब बहुत यंग था तब कभी ऐसा ख्याल आता भी था तो मेरे चेहरे और कद काठी के चलते लोग पहले ही बता देते थे कि आप इसके लिए फिट नहीं हैं और हमारी इंडस्ट्री में लोग यह बोलने में हिचकिचाते भी नहीं हैं। आपको बदसूरत कहने में उन्हें एक मिनट भी नहीं लगता है। वो कहेंगे कि यार, तू कन्वेंशनल लुकिंग आदमी नहीं है। इसका मतलब है कि आप बदसूरत हैं। **बॉलीवुड की अजीब रवायत है कि यहां हीरो और एक्टर अलग-अलग होते हैं...**

यहां की सोच कुछ अलग ही रही है। दरअसल, हमारा मेनस्ट्रीम सिनेमा एक ढर्रे पर चलता है। वह एक फॉर्मूला देखता है और उसी पर चलता रहता है। उससे अलग हटना उसे आता नहीं है। उसमें आपका वेलकम इसलिए नहीं होता क्योंकि वे एक खास किस्म का हीरो, एक खास किस्म की हीरोइन, एक खास किस्म की सजावट-बुनावट वाली फिल्में ही बनाते रहे हैं। मैं दावे से कह सकता हूं कि अगर मैं भैया जी जैसी फिल्म दूसरे प्रोड्यूसर के पास लेकर जाता, तो वह इसे मेरे साथ कभी नहीं बनाता। ये तो हमारे डायरेक्टर अपूर्व सिंह कार्की ने कहा कि मुझे मनोज बाजपेयी ही चाहिए। जबकि, मैं जानता था कि मुझे दूसरा प्रोड्यूसर नहीं मिलेगा। अगर मिलेगा भी तो हमें डराकर कम पैसे लगाने की कोशिश करेगा, जिससे फिल्म प्रभावित होगी। तो मेरी वाइफ ने कहा कि तुम खुद प्रोड्यूस कर लो। हमें इस कहानी में इतना भरोसा था कि हमने सीमित बजट में फिल्म को इतनी बड़ी शक्ल दी है, जो इंडस्ट्री में मुमकिन नहीं था। आपको खुद अपने कंविक्शन को आगे लेकर जाना होता है, लेकिन यहां मेनस्ट्रीम प्रोड्यूसर थोड़ा भी रिस्क लेने को तैयार नहीं हैं।

**भैया जी में थोड़ा पुष्पा वाला अंदाज भी नजर आ रहा है। इसके पीछे क्या सोच रही?**

इसे पुष्पा कहना गलत होगा, तेलुगू-तमिल में वैसी फिल्में हमेशा से बनती रही हैं। हम भी ऐसी फिल्में बनाते थे। हमने वो फिल्में बनाना छोड़ दिया। हमने अपनी फिल्मों में अपनी संस्कृति, अपने रिश्ते, अपने हीरो, अपने लोग लाना बंद कर दिया। आज लोग एक्शन पहले रखते हैं, कहानी बाद में कहते हैं। गाना पहले रखते हैं, कहानी बाद में कहते हैं। हमारी फिल्म में उल्टा है। हमारी फिल्म में कहानी सर्वोपरि है। उसके बाद एक्शन या दूसरी चीजें हैं। बाकी, हमको अपने हार्टलैंड की कहानी कहनी पड़ेगी, इससे आप भाग नहीं सकते हैं। लोगों को थिएटर तक लाना है तो उनकी कहानी और उनके नायक दिखाने ही पड़ेंगे। अब वो समय आ गया है और इसका सबका बड़ा सबूत है साउथ इंडियन फिल्में। उनका हीरो लुंगी में चलता है। अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति से निकला होता है। हम बहुत पहले ऐसी फिल्में बनाते थे। हमने सबको यह राह दिखाई और खुद उस रास्ते से भटक गए हैं।